

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-61 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 13 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## एनआईए की पूछताछ में राणा ने किया दुबई के एक शख्स का जिक्र! हेडली को पहले से थी हमले की सूचना

नई दिल्ली (ए.)। दूसरे दिन पूछताछ के दौरान एनआईए को राणा ने बताया कि दुबई के एक शख्स को मुंबई आतंकी हमले की पूरी साजिश की जानकारी थी। डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी ने कथित तौर पर राणा की दुबई में इस हमले में शामिल एक अन्य साजिशकर्ता से मुलाकात कराई थी।

मुंबई हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से एनआईए ने शानिवार को कई घंटों तक पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए ने आतंकी राणा से मुंबई हमले में शामिल लोगों और हमले से पहले की गई यात्रों को लेकर कई सवाल पूछे हैं। राणा ने पूछताछ में एक दुबई के शख्स के बारे में जिक्र किया है। हालांकि अभी उस खबर के बारे में जानकारी सामने नहीं आई है।

एनआईए की पूछताछ में राणा ने बताया कि दुबई के एक शख्स को मुंबई आतंकी हमले की साजिश की जानकारी थी। डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी ने कथित तौर पर राणा की दुबई में इस हमले में शामिल एक अन्य साजिशकर्ता




से मुलाकात कराई थी। अमेरिकी जांच एजेंसियों की ओर से भारतीय अधिकारियों को दी गई जानकारी के अनुसार, यह व्यक्ति मुंबई हमले के बारे में जानता था।

**हेडली ने राणा को भारत न जाने के लिए कहा था**

एनआईए सूत्रों के अनुसार, डेविड हेडली ने 2008 में राणा को भारत की यात्रा न करने की चेतावनी दी थी। जो इस बात की ओर इशारा करता है कि हेडली को होने वाले हमले के बारे में पता था।

### तहव्वुर राणा ने की विशेष अदालत से अजीब अपील- मेरे मुकदमें से शोहरत कमाने वाला वकील न हो नियुक्त, कोर्ट ने माना और दिए आवश्यक निर्देश

नई दिल्ली,(ए.)। 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के प्रमुख आरोपियों में से एक तहव्वुर हुसैन राणा ने दिल्ली की एक विशेष अदालत से अपील की है कि उसके मुकदमे में कोई ऐसा वकील नियुक्त न किया जाए जो इस केस के ज़रिये नाम और शोहरत कमाने की कोशिश करे। अदालत ने उसकी इस मांग को स्वीकार करते हुए आवश्यक निर्देश भी दे दिए हैं।

गौरतलब है कि गुरुवार रात को लगभग 10 बजे एनआईए ने राणा की औपचारिक गिरफ्तारी की, जिसके बाद उसे पटियाला हाउस स्थित विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया। एनआईए ने 20 दिन की हिरासत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने 18 दिन की कस्टडी की मंजूरी दी।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर में भगवान श्री हनुमान जयंती के अवसर पर पितृ पर्वत का दौरा किया.

## अचानक गिरे ओलों और बारिश से टूटी गर्मी की कमर, 15 अप्रैल तक राहत तय



इंदौर (ए.)। शनिवार सुबह इंदौर समेत मध्यप्रदेश के कई जिलों में मौसम ने करवट ली। इंदौर के कई क्षेत्रों में बारिश के साथ ओले भी गिरे। अचानक बदले इस मौसम ने लोगों को भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से राहत दी है। मौसम विभाग के अनुसार अब 15 अप्रैल तक तेज गर्मी और लू का कोई अलर्ट नहीं है। आने वाले चार दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश, ओले, आंधी और गरज-चमक की संभावना बनी रहेगी। इससे पहले शुक्रवार को भी ग्वालियर समेत कई शहरों में बारिश दर्ज की गई, जबकि भोपाल में बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट देखी गई।

**इन जिलों में आज भी बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी**

मौसम विभाग ने शनिवार को इंदौर, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में ओले गिरने की संभावना जताई है। वहीं भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के कुल 31 जिलों में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम के बदले मिजाज ने न केवल तापमान में गिरावट लाई है, बल्कि गर्मी से राहत दिलाते हुए लोगों को ठंडक का अहसास भी कराया है।

**तापमान में गिरावट, लू का असर नहीं**

मौसम विभाग, भोपाल की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के अनुसार, वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ, दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और दो ट्रफ के सक्रिय रहने के कारण प्रदेश का मौसम पूरी तरह बदल गया है। इसी वजह से 15 अप्रैल तक लू का असर नहीं रहेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दिल्ली के लाल किले में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति की पहल को सराहा

भोपाल,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में होने वाले तीन दिवसीय 'सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य' और इससे जुड़ी प्रदर्शनियों के आयोजन की सराहना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि "मुझे खुशी है कि मध्यप्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।" प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के आयोजकों एवं इसमें हिस्सा ले रहे देश के कलाकारों को आयोजन की सफलता की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।

प्रधानमंत्री ने संदेश में लिखा है कि युगपुरुष सम्राट विक्रमादित्य का शासनकाल जनकल्याण, सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए जाना जाता है। वह भारत की न्यायप्रिय और लोक कल्याणकारी नेतृत्व परंपरा के प्रतीक थे। उन्होंने साहित्य, कला और विज्ञान को जिस रूप में प्रोत्साहित किया, वह आज भी हमारे लिए आदर्श है। उनके काल की 'विक्रम संवत' परंपरा आज भी भारतीय संस्कृति की पहचान है।

## विक्रमोत्सव 2025: दिल्ली के लाल किले से गूंजेगा सम्राट विक्रमादित्य का यशोगान, उपराष्ट्रपति ने किया शुभारंभ



भोपाल (ए.)। देश की राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले से आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विक्रमोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। बता दें कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक गौरव को राष्ट्रीय मंच देने के उद्देश्य से ये आयोजन मनाया जा रहा है।

इस आयोजन का उद्देश्य सम्राट विक्रमादित्य की ऐतिहासिक विरासत और मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को आमजन तक पहुंचाना है। इस "महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य" में उनके जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की गाथा को 125 कलाकारों और 50 से अधिक सहायक दल के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रस्तुति को भव्यता देने के लिए रथ, अश्व, पालकी, ऊंट के साथ-साथ एलईडी ग्राफिक्स और तीन स्टेज का प्रयोग गया है।

**हमारी सांस्कृतिक विरासत पांच हजार साल पुरानी : जगदीप धनखड़**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मन प्रफुल्लित है, एक लंबे अंतराल के बाद भारत ने एक नए युग में प्रवेश किया है। आर्थिक संपन्नत दुनिया के संस्थाओं की प्रशंसा, संस्था के ढांचे में भारी बढ़ोतरी जब भारत विकास में इतना आगे बढ़ रहा है, देश हमारा महाशक्ति बनकर उभर रहा है और दुनिया की नजर जब भारत पर है तो स्वाभाविक है सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति हमारा लगाव बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई देश इस दुनिया में नहीं है, नजदीक तक नहीं आता, जिसकी सांस्कृतिक विरासत पांच हजार साल पुरानी हो। ऐसी परिस्थिति में आज का कार्यक्रम भारत में कल्चरल सेंट्रल ऑफ द वर्ल्ड वहां ये कार्यक्रम होना हमारे युग जिनके 10 साल के अंदर प्रगति हुई है।

### जयपुर के शिव मंदिर में तोड़फोड़, मूर्तियां खंडित, पुलिस जांच में जुटी, सीसीटीवी में पुलिस को हाथ लगे सुराग

जयपुर (आरएनएस)। शहर के लालकोठी क्षेत्र में स्थित एक शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। मंदिर की मूर्तियों को भी खंडित किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

इस संबंध में गोकुल सैनी ने बजाज नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मंदिर के संरक्षक गोपाल सैनी ने बताया कि रात के समय किसी ने मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ की। सुबह इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही नई मूर्तियां लाकर उनकी प्राण प्रतिष्ठा करवाई जाएगी।

एसीपी आदित्य पूनिया ने बताया कि यह क्षेत्र व्यावसायिक है और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से कुछ सुराग मिले हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। मंदिर प्रशासन द्वारा मूर्ति पुन: स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें प्रशासन पूरा सहयोग करेगा।

## राहुल गांधी और चीन की कम्युनिष्ट पार्टी के बीच समझौते से देश का व्यापार घाटा 25 गुना बढ़ा : पीयूष गोयल

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी और सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी का पर्दाफाश अब कई बार हो चुका है, लेकिन आज तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि राहुल गांधी ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ क्या समझौता किया था। उन्होंने कहा कि इसी समझौते के चलते भारत और चीन के बीच व्यापार घाटा मात्र दस वर्षों में 25 गुना बढ़ गया। पीयूष गोयल ने कहा कि यह कल्पना कर पाना भी कठिन है कि किस हद तक कांग्रेस और यूपीए सरकार ने भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर किया। उन्होंने



राहुल गांधी से मांग की कि वे इस विषय पर देश को जवाब दें।

उन्होंने राहुल गांधी पर विदेश में भारत की आलोचना करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे ऑक्सफोर्ड जैसे मंचों पर भारत को बदनाम करते हैं, यही कारण है कि देश की जनता ने ऐसे नेताओं को लगातार खारिज किया है और तीसरी बार उन्हें सत्ता से बाहर रखा है। भारत की जनता और विशेषकर युवा वर्ग कभी भी ऐसे नेताओं को स्वीकार नहीं करेगा, जो देश की छवि को धूमिल करें।

उन्होंने कहा कि देश का हित और उसकी सुरक्षा सिर्फ पीएम मोदी के नेतृत्व में संभव है। तहव्वुर राणा को भारत लाना एक बड़ी कूटनीतिक सफलता है और यह दिखाता है कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ कितनी सख्त है। उन्होंने कांग्रेस पर 26/11 के हमलों के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उस समय कांग्रेस के नेता पीड़ितों की चिंता करने के बजाय फिल्म की शूटिंग देखने और कपड़े बदलने में रुचि दिखा रहे थे।




पटना में वक्फ (संशोधन) विधेयक और बढ़ती महंगाई के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) और तंजीम-ए-इंसाफ के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया.




### पी चिदंबरम ने की मोदी सरकार की तारीफ, तहव्वुर राणा की भारत वापसी को सराहा

नईदिल्ली (आरएनएस)। मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड 16 साल बाद भारत आ गया है. आतंकी तहव्वुर राणा के सफल प्रत्यर्पण के लिए पूर्व गृह मंत्री ने मोदी सरकार की प्रशंसा की है. उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में इस प्रक्रिया में तेजी आई थी. 2008 में जब मुंबई में आतंकी हमला हुआ था, तब कांग्रेस नेता पी चिदंबरम भारत के गृह मंत्री थे.

तत्कालीन गृहमंत्री ने कहा कि उस वक्त के विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और विदेश सचिव रंजन मथाई ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के लिए अहम भूमिका निभाई थी. उन्होंने कहा कि इसकी प्रक्रिया साल 2009 में शुरू हो गई थी. इसके बाद 2011 में प्रक्रिया में तेजी आई क्योंकि अमेरिकी खूफिया एजेंसियों ने राणा की पहचान की. चिदंबरम ने कहा कि मैं भारत के विदेश मंत्रालय, खुफिया एजेंसियों और एनआईए को बधाई देता हूं कि वे लंबी लड़ाई के बाद राणा को भारत लाने में सफल हुए.

उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि वर्तमान की मोदी सरकार के साथ-साथ कई मंत्रियों और अधिकारियों की अहम भूमिका के कारण ही राणा भारत आ सका है. मैं भारत सरकार को बधाई देता हूं. चिदंबरम ने अमेरिका की सरकार को भी धन्यवाद दिया है.

बता दें, दो दिन पहले यानी गुरुवार को एनआईए और खुफिया एजेंसियों की संयुक्त टीम तहव्वुर राणा को लेकर भारत पहुंची थी.

## दमोह कांड के बाद भोपाल में फर्जी डॉक्टरों पर कार्रवाई तेज, चार क्लीनिक सील




भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के दमोह जिले में फर्जी डॉक्टर द्वारा की गई हार्ट सर्जरी में सात मरीजों की मौत के बाद प्रदेश भर में स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में राजधानी भोपाल में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए चार क्लीनिक को सील कर दिया है।

सील किए गए क्लीनिक में होशंगाबाद रोड स्थित तथास्तु डेंटल क्लिनिक, ई-2 अरेरा कॉलोनी का स्किन स्माइल क्लिनिक, कॉस्मो डर्मा स्किन एंड हेयर क्लिनिक और ई-4 क्षेत्र का एस्थेटिक वर्ल्ड शामिल हैं। विशेष रूप से स्किन क्लीनिकों से बड़ी मात्रा में संदिग्ध दवाइयां भी बरामद की गई हैं।

भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि यह कार्रवाई दमोह की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा उठाए गए कड़े कदमों का हिस्सा है। उन्होंने कहा, जिनके पास चिकित्सकीय डिग्री नहीं है और वे क्लीनिक चला रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डॉ. तिवारी ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में ग्रामीण इलाकों में भी ऐसे फर्जी डॉक्टरों पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने कहा कि न केवल डॉक्टरों की डिग्री की जांच की जाएगी, बल्कि अस्पतालों में कार्यरत पूरे स्टाफ की योग्यता की भी जांच होगी। बता दें कि बीते दिनों दमोह में संचालित मिशन अस्पताल में दो महीने में सात हृदय रोगियों की मौत का मामला सामने आया था। इस मामले में रविवार की देर रात चिकित्सक की डिग्री फर्जी होने को लेकर मामला दर्ज किया गया था। वहीं, सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम जांच के लिए दमोह पहुंची थी।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि चिकित्सक नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र जॉन केम के खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। यह मामला उनकी डिग्री फर्जी होने को लेकर दर्ज किया गया है। दमोह के मिशन अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ के तौर पर नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र जॉन केम ने कई रोगियों के ऑपरेशन किए थे। इनमें से सात की मौत होने का दावा किया गया।



### त्रिपुरा में वक्फ कानून के विरोध में हिंसक प्रदर्शन, 18 पुलिस कर्मी घायल; आठ प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

अगरतला (ए.)। त्रिपुरा के उनाकोटी जिले में शनिवार को वक्फ कानून वापस लेने की मांग को लेकर विरोध रैली निकाली गई। इस दौरान भीड़ हिंसक हो गई और पुलिस पर पथराव किया। लोगों ने पुलिस पर बोतलें भी फेंकी। प्रदर्शनकारियों की पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई हुई। इस दौरान एक एसडीपीओ समेत 18 पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने हमले में कथित संलिप्तता के लिए आठ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, कांग्रेस के उनाकोटी जिला अध्यक्ष मोहम्मद बदरुज्जमां की अध्यक्षता में संयुक्त आंदोलन समिति के बैनर तले करीब 4,000 लोगों ने वक्फ कानून वापस लेने की मांग को लेकर एक विशाल रैली निकाली। रैली के कुबजर इलाके में पहुंचने पर भीड़ हिंसक हो गई।





## विविध-समाचार

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने वरिष्ठ पत्रकार श्री उपाध्याय की माताजी के निधन पर व्यक्त किया शोक

भोपाल,(आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने "स्वदेश" समूह से सम्बद्ध वरिष्ठ पत्रकार अनुराग उपाध्याय की माता शिक्षाविद भंवर उपाध्याय के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### फर्जी कॉल सेंटर संचालक से पांच लाख घूस लेने का मामला, टीआई, हवलदार के बाद अब ASI को मिली जमानत

भोपाल (ए.)। ऐशबाग थाने के एएसआई पवन रघुवंशी द्वारा फर्जी कॉल सेंटर संचालक मोहम्मद अफजल के बेटे, साले और टीकमगढ़ के कुछ और लोगों को आरोपी नहीं बनाने के लिए 20 लाख रुपये में सौदा करने और पांच लाख की पहली किश्त लेते हुए गिरफ्तार किया गया था।

इस मामले में ऐशबाग थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी जितेन्द्र गढ़वाल, एएसआई मनोज कुमार, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह को भी आरोपी बनाया गया और निलंबित हैं। पवन रघुवंशी अभी फरार है, जितेन्द्र गढ़वाल और प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह को पहले ही जमानत मिल चुकी है। कोर्ट ने समानता का अधिकार का लाभ देते हुए शुक्रवार को एएसआई मनोज कुमार को भी जमानत दे दी है। हालांकि सभी पुलिसकर्मी फरार ही चल रहे थे, किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

भोपाल जिला अदालत के भ्रष्टाचार संबंधी मामलों के विशेष न्यायधीश आरपी मिश्रा की कोर्ट ने कहा कि सभी आरोपियों पर समान आरोप हैं, लिहाजा मनोज कुमार को भी जमानत का लाभ मिलनी चाहिए। एएसआई मनोज कुमार को 50 हजार के निजी मुचलते पर जमानत दी गई है। केस का मुख्य आरोपी एएसआई पवन रघुवंशी, रिश्वत कांड का बिचौलिया टीकमगढ़ निवासी भाजपा पार्षद अंशुल जैन और रिश्वत भेजने वाला कॉल सेंटर मामले का मास्टरमाइंड मोइन खान फरार है। मामले की जांच एसआईटी कर रही है।

### मेहनत और ईमानदारी के साथ पढ़ाई करने पर सफलता आपके कदम चूमेगी : स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह

**स्कूल शिक्षा मंत्री तेजस्वी कार्यक्रम में हुए शामिल**

भोपाल (निप्र)। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि मेहनत और ईमानदारी के साथ समर्पित भाव से पढ़ाई करने पर सफलता आपके कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो संसाधन इंटरनेट, मोबाइल उपलब्ध हैं, उनका अधिक से अधिक उपयोग रचनात्मक कामों में किया जाना चाहिये। मंत्री श्री सिंह शुक्रवार को नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा में स्कूल शिक्षा विभाग के तेजस्वी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री सिंह ने "976 आयडिया'' पुस्तक का विमोचन किया।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की बेहतरी के लिये लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरकारी स्कूल के विद्यार्थी निजी स्कूल के विद्यार्थियों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कक्षा-5वीं और 8वीं के हाल ही में घोषित रिजल्ट ने यह साबित करके दिखाया है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आजादी की 100वीं वर्षगाँठ पर विकसित भारत का सपना साकार होगा और इसमें युवाओं का योगदान सबसे ज्यादा रहेगा। कार्यक्रम को विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में बताया गया कि उद्यम विकास के आयडिया के लिये "सीड मनी स्कीम'' में प्रदेश की 3764 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों में 19 हजार 900 विद्यार्थी शामिल थे। मंत्री श्री सिंह ने सीड मनी के लिये जिले के 5 हजार 176 विद्यार्थियों को 2000 रुपये के मान से एक करोड़ 3 लाख रुपये का चैक प्रदान किया।

### "मध्यप्रदेश में पोषण परखवाड़ा 2025: कुपोषण से जंग, स्वस्थ भविष्य की ओर कदम"

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश में 8 से 22 अप्रैल 2025 तक सातवां "पोषण पखवाड़ा" पूरे जोश और जागरूकता के साथ मनाया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी राज्य में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य आमजन, महिलाओं और बच्चों को पोषण के महत्व को समझाकर एक स्वस्थ समाज की नींव रखना है। पोषण पखवाड़ा 2025 में प्रमुखता से 4 विषयों जीवन के पहले 1000 स्वर्णिम दिवसों का महत्व, पोषण ट्रैकर ऐप के हितग्राही मॉड्यूल की जानकारी और उपयोगिता, CMAM प्रोटोकॉल से गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रबंधन और 6 वर्ष से कम बच्चों को मोटापे से बचाने पर फोकस किया जा रहा है।

**स्वर्णिम 1000 दिवस - जीवन की मजबूत नींव**

गर्भावस्था से लेकर जन्म के बाद पहले दो वर्षों तक के 1000 स्वर्णिम दिवस बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बेहद अहम होते हैं। इस दौरान उनके जीवनकाल का 85 प्रतिशत बौद्धिक विकास हो जाता है। पोषण पखवाड़ा में इस अवधि के दौरान पोषण और देखभाल पर विशेष बल देते हुए माताओं को संतुलित आहार और स्तनपान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**पोषण ट्रैकर ऐप - पोषण की डिजिटल निगरानी**

पोषण ट्रैकर ऐप 'poshantracker.in' के माध्यम से घर बैठे ही पोषण स्तर की निगरानी करना अब संभव है। यह ऐप आंगनवाड़ी सेवाओं का डिजिटलीकरण करने के साथ हितग्राहियों को भी बच्चों और माताओं के पोषण पर नज़र रखने में सक्षम बनाता है। भारत सरकार द्वारा पोषण ट्रेकर ऐप के अंतर्गत हितग्राही मॉड्यूल विकसित किया गया है। इसमें हितग्राही अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉग-इन बच्चों के पोषण स्तर के विकास की निगरानी के साथ उन्हें केन्द्र से मिलने वाले पोषण आहार की निगरानी घर बैठे कर सकते हैं।

**CMAM रणनीति से कुपोषण पर नियंत्रण**

प्रदेश में कम्युनिटी मैनेजमेंट ऑफ एक्यूट मॉलन्यूट्रिशन (CMAM) यानी गंभीर कुपोषण का समुदाय स्तर पर प्रबंधन मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत वर्ष-2020 से प्रारंभ हुआ। पोषण पखवाड़ा में अति गंभीर कुपोषित (SAM), अति कम वजन (SUW) एवं मध्यम गंभीर कुपोषित (MAM) बच्चों का चिन्हांकन कर उनकी स्वास्थ्य जाँच तथा अति गंभीर कुपोषित (SAM) बच्चों की भूख की जाँच कर आवश्यकतानुसार उपचार एवं सामुदायिक स्तर पर परिवार के सहयोग से पोषण प्रबंधन किया जा रहा है।

**बचपन में मोटापे से सतर्कता**

नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे (ह्स्न॥स्) रिपोर्ट के अनुसार बच्चों में मोटापे की दर में वृद्धि चिंताजनक है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा बच्चों को जंक फूड से दूर रखने और पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने की नीति अपनाई गई है।

# लाडली बहनों को अप्रैल की किश्त का इंतजार, पहली बार ट्रांसफर में हुई देरी, अब इस तारीख को मिलेगा पैसा




भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत इस महीने की किश्त अब तक लाभार्थी महिलाओं के खातों में नहीं पहुंची है। हर महीने 10 तारीख को ट्रांसफर होने वाली यह राशि अप्रैल में पहली बार तय तारीख तक नहीं आई, जिससे प्रदेश की 1.27 करोड़ महिलाओं में चिंता और असंतोष देखा जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, 16 अप्रैल तक राशि खातों में पहुंच जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडला के एक कार्यक्रम से राशि लाडली बहनों के खातों में ट्रांसफर कर सकते हैं। लेकिन कांग्रेस का कहना है कि इस देरी ने योजना की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वित्त विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अप्रैल की देरी के पीछे वित्तीय वर्ष की शुरुआत में कैश फ्लो मैनेजमेंट एक बड़ा कारण है। राज्य सरकार को केंद्र से मिलने वाला डेवोल्यूशन फंड आमतौर पर 10 तारीख के आसपास आता है और उसी आधार पर कई योजनाओं के फंड रिलीज किए जाते हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि कोई फंड संकट नहीं है, राशि तकनीकी कारणों से कुछ दिन बाद ट्रांसफर की जा रही है।

**विभागों की चुप्पी, कोई आधिकारिक जवाब नहीं**

लाडली बहना योजना का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग करता है और राशि वित्त विभाग द्वारा जारी की जाती है। लेकिन दोनों विभागों के अधिकारी इस बार की देरी पर चुप्पी साधे हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि 10 तारीख का ऐसा कोई तय समय नहीं है। इस बार राशि 16 अप्रैल तक खातों में पहुंच जाएगी।

**तीन हजार प्रति महीने बढ़ाने का किया था वादा**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक ने इस मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव से पहले इस योजना की राशि 3,000 रुपये प्रति माह तक बढ़ाने का वादा किया था। लेकिन डेढ़ साल बाद भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। मुकेश नायक ने आरोप लगाया कि पहले वादा किया, फिर अब तय तारीख पर भी 1,250 रुपये नहीं दे पा रहे हैं। ये प्रदेश की बहनों के साथ खुला विश्वासघात है। उन्होंने सरकार से मांग की कि भविष्य में समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेह और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए।

**हर माह 1500 करोड़ का आर्थिक भार**

2023 में शुरू हुई लाडली बहना योजना को भाजपा ने 2023 विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़े चुनावी दांव के रूप में लॉन्च किया था। हर पात्र महिला को 1,250 रुपये प्रतिमाह सीधे बैंक खाते में ष्ठक्चञ्ज के जरिए भेजे जाने की यह योजना, राज्य सरकार पर हर महीने लगभग 1,500 करोड़ रुपये का आर्थिक भार डालती है।

### भोपाल स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरते ही RPF जवान ने थामा हाथ, सतर्कता से बचाई यात्री की जान

भोपाल (ए.)। भोपाल रेलवे स्टेशन पर एक चलती ट्रेन से गिरते यात्री की जान उस समय बच गई जब रेल सुरक्षा बल (RPF) के जवान ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए उसे तुरंत थाम लिया।



पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के रेल सुरक्षा बल (RPF) के एक जवान की सतर्कता और तत्परता ने एक बड़ा हादसा होने से रोक दिया। भोपाल रेलवे स्टेशन पर तैनात प्रधान आरक्षक नितिन अमरोही ने चलती ट्रेन से गिरते हुए एक यात्री को बचा लिया। यह घटना गाड़ी संख्या 20103 गोरखपुर एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म नंबर 2 से रवाना होते समय की है। विदिशा निवासी राहुल सिंह राजपूत ट्रेन के स्लीपर कोच के पायदान पर बैठा हुआ था। जैसे ही ट्रेन धीरे-धीरे गति पकड़ने लगी, वह असंतुलित होकर नीचे गिरने लगा। उसी समय प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर मौजूद प्रधान आरक्षक नितिन अमरोही ने स्थिति को तुरंत भांपते हुए बिना एक पल गंवाए सक्रिय हुए और गिरते हुए यात्री का हाथ पकड़कर उसे ट्रेन के नीचे आने से बचा लिया। उनके इस साहसिक प्रयास के चलते यात्री सुरक्षित है और उसे कोई चोट नहीं आई। यदि यह त्वरित प्रतिक्रिया नहीं होती, तो यह घटना गंभीर दुर्घटना में बदल सकती थी।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधान आरक्षक नितिन अमरोही द्वारा समय पर की गई कार्रवाई अत्यंत सराहनीय है और यह समस्त सुरक्षा बल के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### सौरभ शर्मा के परिवार को दस-दस लाख के बॉन्ड पर जमानत, पासपोर्ट जब्त होंगे, अब ऐसे होगी आरोपियों की पेशी

भोपाल (निप्र)। लोकायुक्त और ईडी के छापों के साथ आयकर विभाग की जांच की जद में आए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की मां, पत्नी, जीजा और साले को शुक्रवार को ईडी की विशेष अदालत से जमानत मिल गई है। ईडी ने सौरभ शर्मा उसके राजदार चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल के खिलाफ छापेमारी का गत दिनों चालान प्रस्तुत किया था। चालान में 12 आरोपी बनाए गए हैं, जिनमें सौरभ की मां, पत्नी, जीजा और साले का भी नाम है। उक्त चारों रिश्तेदार मां उता शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, रिश्ते के जीजा विनय हासवानी और साले जबलपुर निवासी रोहित तिवारी विशेष अदालत पहुंचे, जहां चारों को दस-दस लाख रुपए के पर्सनल बॉन्ड पर जमानत मिल गई है।



सीएम डॉ. मोहन यादव महामंचन में सम्राट महेन्द्रादित्य के किरदार में ।

### मध्यप्रदेश को मिला 25वां अभयारण्य

भोपाल, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जैव विविधता संरक्षण के लिए की गई पहल पर मध्यप्रदेश को एक और नया अभयारण्य मिल गया है। सागर जिले के 258.64 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में नया अभयारण्य बनाया जा रहा है। इस नये अभयारण्य को 'डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य' के नाम से जाना जायेगा। राज्य सरकार ने इस नये अभयारण्य की अधिसूचना भी जारी कर दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि यह अभयारण्य न केवल वन्य जीवों को एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन और स्थानीय रोजगार सृजन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब के नाम समर्पित यह अभयारण्य संविधान निर्माता के प्रति हमारे सम्मान और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। यह निर्णय समावेशी विकास एवं हमारे संकल्प की दिशा में एक नया कदम और बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है।

### दिग्गी बोले- तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया कांग्रेस ने शुरु की थी, मोदी को श्रेय नहीं जाता



भोपाल (ए.)। 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को लेकर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने बड़ा बयान दिया है। सिंह ने कहा कि इस पूरे मामले की नींव कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में रखी थी और मौजूदा केंद्र सरकार इसका श्रेय नहीं ले सकती। दिग्विजय सिंह ने कहा कि तहव्वुर राणा 26/11 हमलों में शामिल था और उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया तभी संभव हो सकी जब यूपीए सरकार ने समय रहते उसकी भूमिका को जांच में शामिल किया और उसे अमेरिका में गिरफ्तार करवाया गया। 14 साल की सजा पूरी करने के बाद अब उसे भारत लाया गया है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी या उनकी सरकार का कोई योगदान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गंभीर कार्रवाइयों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए और जो भी सरकारें देशहित में कदम उठाएं, उन्हें ईमानदारी से श्रेय मिलना चाहिए।

बता दें 26/11 हमले के सिलसिले में तहव्वुर राणा को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया था। उसे हाल ही में भारत प्रत्यर्पित किया गया है, जिसे लेकर केंद्र सरकार ने इसे बड़ी कूटनीतिक जीत बताया है। लेकिन कांग्रेस का कहना है कि यह कार्रवाई उन्हीं की सरकार के समय शुरू की गई प्रक्रिया का परिणाम है। इससे पहले भी कांग्रेस ने विभिन्न सुरक्षा मामलों में केंद्र सरकार पर श्रेय लेने के आरोप लगाए हैं। तहव्वुर राणा, जो पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक हैं, पर 26/11 हमलों की साजिश रचने, हत्या, आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने और जालसाजी के गंभीर आरोप हैं। राणा को गुरुवार को भारत लाया गया और दिल्ली की अदालत ने उसे 18 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया। जांच एजेंसी का कहना है कि राणा की भूमिका केवल मुंबई तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह अन्य भारतीय शहरों में भी बड़े पैमाने पर आतंकी हमलों की योजना बना रहा था।

### सीएम डॉ. यादव बोले- भगवान श्रीराम के रामराज्य की स्थापना में हनुमान जी का योगदान सदैव प्रेरणादायी



भोपाल (ए.)। हनुमान जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संकट की हर घड़ी में सबसे पहले श्री हनुमान जी का स्मरण होता है। महाभारत काल से लेकर आज तक, जब-जब धर्म की रक्षा की बात आई है, हनुमान जी का साहस, भक्ति, बल और विनयशीलता प्रेरणा बनकर सामने आया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री हनुमान जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रामदूत श्री हनुमानजी की भक्ति, सेवा और समर्पण भाव से प्रेरित होकर हम विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प की सिद्धि में योगदान दें , यही प्रार्थना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हनुमान जयंती के पावन पर्व पर राजकीय विमान तल भोपाल स्थित श्री हनुमान मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना कर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रस्थान किया।

मुख्यमंत्री ने मीडिया के माध्यम से प्रदेशवासियों के लिए जारी संदेश में कहा कि हनुमान जी अजर-अमर हैं। भगवान श्रीराम के रामराज्य की स्थापना में हनुमान जी का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। माता सीता का प्रेम, स्नेह और वात्सल्य पाकर उनकी आजीवन सेवा तथा असाधारण वीरता का हनुमानजी का संकल्प सभी के लिए प्रेरक है। महाभारत के युद्ध में अर्जुन बाण चला रहे थे, और भगवान श्रीकृष्ण सारथी थे, तब भी धर्म ध्वजा हनुमानजी ने ही धारण की थी। हर कष्ट, हर दुःख में सबसे पहले हमें हनुमानजी ही याद आते हैं। वे ही हमें बल, बुद्धि, पराक्रम, वीरता, ज्ञान, विनयशीलता जैसे मानवीय गुणों का वरदान प्रदान करते हैं। संकटमोचक हनुमानजी की कृपा सब पर बरसती रहे, यही प्रार्थना है।

### डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी और सही समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी : ज्ञानेश कुमार, सीईओ भारत निर्वाचन आयोग



भोपाल (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आईआईआईडीईएम में मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलते मीडिया के बदलते दौर में चुनाव से जुड़े अधिकारियों को बेहतर तरीके से तैयार करना और उनके बीच बेहतर समन्वय बनाना था।

मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी, सही और समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी है, ताकि लोगों का चुनाव प्रक्रिया पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि मीडिया नोडल अधिकारियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जनता तक सही जानकारी पहुंचे और वे किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक खबरों से प्रभावित न हों।

कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी शामिल हुए। इस ओरिएंटेशन के दौरान अधिकारियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन पंजीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के जरिए सही जानकारी कैसे फैलानी है, गलत सूचनाओं से कैसे निपटना है और मतदाताओं को कैसे जागरूक करना है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में विगत दिनों हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मध्यप्रदेश के मीडिया नोडल अधिकारी राजेश दाहिमा, सोशल मीडिया नोडल अधिकारी सुनील वर्मा और और जिला जनसंपर्क अधिकारी अरूण शर्मा शामिल हुए।

### नर्मदापुरम में IPL सट्टा रैकेट का भंडाफोड़, नपा कर्मियों और नेता के बेटों समेत पांच गिरफ्तार




भोपाल (ए.)। नर्मदापुरम नगर पालिका के कर्मचारी और कुछ स्थानीय नेताओं के बेटे भोपाल के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में किराये का कमरा लेकर आईपीएल का सट्टा बुक करते हुए पकड़े गए हैं। यह लोग पहले भी नर्मदापुरम में सट्टा खिलाते हुए पकड़े जा चुके हैं, जिस कारण आईपीएम का मैच शुरू होते ही पुलिस इनकीनिगरानी करने में लगी थी। स्थानीय पुलिस से बचने के लिए नपा कर्मचारी और नेताओं के बेटे, रईशजादे भोपाल आकर सट्टा बुक कर रहे थे। बागसेवनिया की एक पॉश कॉलोनी में किराये के कमरे में यह सभी अवैध कारोबार कर रहे थे। स्थानीय पुलिस को भनक लगी तो छापा मारा। छापे में ज्यादा राशि तो बरामद नहीं हुई है, लेकिन जो इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स, मोबाइल और लिखापढ़ी के कागज मिले हैं, उनके मुताबिक यह गिरोह करोड़ों का सट्टा एक सीजन के आईपीएल मैच में बुक करता था। सभी आरोपी कभी साथ में तो कभी अलग-अलग वाहनों से प्रतिदिन सट्टा बुक करने भोपाल आते थे और देर रात या अल सुबह वापस नर्मदापुरम लौट जाते थे।

बागसेवनिया थाने के उप निरीक्षक मुकेश स्थापक ने बताया कि अरन्या इंक्लेव स्थिक एक घर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का सट्टा बुक करते हुए कृष्णा शर्मा, तरुण शर्मा, दीपक बोहरे, सत्यम तिवारी और अर्पित उपाध्याय को पकड़ा गया है।




## हनुमान जयंती पर खेड़ापति हनुमान मंदिर में लगा भक्तों का तांता, महाआरती में शामिल होकर लिए आशीर्वाद

देवास (ए.)। भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज देश-प्रदेश के मंदिरों में हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। देवास के खेड़ापति हनुमान मंदिर में भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। जहां महाआरती के साथ आशीर्वाद लिया। भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर देवास के प्रमुख हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का आने का सिलसिला शुरू हो गया।

वहीं, देवास के एमजी रोड पर स्थित श्री खेड़ापति मारुति मंदिर में प्रात: 6ः00 बजे महाआरती की गई, फूल बंगला भी सजाया गया। अलसुबह से ही मंदिर में भारी संख्या में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर के पुजारी के दर्शन उपाध्याय तृप्तेश उपाध्याय ने बताया कि एमजी रोड पर स्थित खेड़ापति मंदिर अति प्राचीन है और यहां पर आने वाले हर भक्त की मनोकामना भी पूरी होती है।

हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर में दिनभर खेड़ापति सरकार के दरबार में भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं, विशेष पूजन अनुष्ठान महाआरती भी संपन्न की जाएगी। इसी के साथ शहर के कई अन्य प्राचीन हनुमान मंदिरों में भी भगवान हनुमान जी की महाआरती संपन्न हुई और भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान हनुमान को चोला भी चढ़ाया गया।

## हनुमानजी का अनोखा मंदिरः छत डालो तो टूट या उड़ जाती है, मूर्ति की भी बढ़ रही हाइट, जानिए कहां है ये मंदिर

बुरहानपुर (ए.)। देश भर में शनिवार को हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। ऐसे में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित एक अनोखे मंदिर की भी चर्चा है। जहां हनुमानजी बगैर छत के ही विराजमान हैं। यह मंदिर प्रदेश के बुरहानपुर नगर से करीब 70 किलोमीटर दूर सिरसाडा गांव में स्थित है। मान्यता है कि इस मंदिर में छत डालने की कोशिशें तो कई बार हुईं, लेकिन हर बार वो छत या तो टूट गई या हवा में उड़ गई। इसलिए इस चमत्कारी मंदिर में आज के दिन आस्था का सैलाब उमड़ पड़ता है और दूरदराज के क्षेत्रों से भक्त यहां आकर अपना शीश नवाते हैं।

बुरहानपुर जिले के सिरसाडा गांव के एक अनोखे हनुमान में आज के दिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे हुए हैं। स्थानीय लोगों की मान्यता के अनुसार, यह मंदिर करीब 400 साल पुराना है। जब यहां हनुमानजी स्वयं प्रकट हुए थे। बताया जाता है कि यह मूर्ति सूर्यमुखी है। यहां पहुंचे भक्त सिंदूर, तेल और आंकड़े के पत्तों के साथ नारियल चढ़ाकर हनुमानजी के दर्शन करते हैं। इस मंदिर में कोई छत नहीं है। यहां जब भी किसी ने छत डालने की कोशिश की, तब वह छत या तो गिर गई या आंधी-तूफान में उड़ गई और इसी मान्यता के चलते यहां हुए नए निर्माण में भी मंदिर की छत नहीं डाली गई है। बता दें कि यह मंदिर पहले घने जंगल में थी। लेकिन धीरे-धीरे इसका विस्तार हुआ। दीवारें ऊंची हुईं पर जैसे-जैसे मंदिर की दीवारें बढ़ीं, वैसे-वैसे मूर्ति की ऊंचाई भी बढ़ती चली गई। यहां पहुंचे भक्त इसे हनुमानजी का चमत्कार मानते हैं।

# पापा को मारना होगा, नहीं तो वे हमें मार डालेंगे, बेटी ने प्रेमी से कहा, फिर खेला खूनी खेल, ऐसे काटी गर्दन

पन्ना (ए.)। प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहे पिता की बेटी और उसके प्रेमी ने मिलकर हत्या कर दी। बेटी ने पिता को नींद की गोलियां दी, उसके सोने के बाद प्रेमी को बुलाया और घर से चली गई। इसके बाद प्रेमी ने प्रेमिका के पिता की गर्दन काट दी।

देश भर में प्रेम प्रसंग में आए दिन हत्याओं के मामले सामने आ रहे हैं। इन मामलों में कहीं पत्नी प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार देती है तो कहीं पति पत्नी की हत्या कर देता है। अब मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में एक बेटी ने अपने प्रेमी से पिता की हत्या करा दी। इसके लिए दोनों ने पहले योजना बनाई, बेटी ने पिता को नींद की गोलियां दी, उसके सोने के बाद प्रेमी को बुलाया और घर से चली गई। इसके बाद प्रेमी ने कुल्हाड़ी से प्रेमिका के पिता गर्दन काट दी। आइए, जानते हैं इस रुह कंपा देने वाली वारदात की कहानी, जिसने रिश्तों का खून कर दिया गया।

**प्रेम प्रसंग में बाधक बन रहे पिता की बेटी ने प्रेमी से कराई हत्या**

दरअसल, पन्ना जिले के धरमपुर थाना क्षेत्र में आठ अप्रैल की रात ग्राम रमजुपुर में रामकेश यादव की हत्या कर दी गई। सुबह रामकेश का शव खून से लतपथ हालत में चारपाई पर पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में सामने आया





कि धारदार हथियार से सोते समय रामकेश की गर्दन पर वार किया गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। वारदात की सूचना पर एसपी सांई कृष्ण एस. थोटा मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया। टीम में रामकेश की हत्या की जांच शुरू की। इस दौरान मृतक रामकेश की बेटी का प्रेम प्रसंग ग्राम पंचमपुर राजू डुमार पिता आनंदी डुमार (35) से होने की बात सामने आई। पुलिस को मामले में राजू की भूमिका संदिग्ध नजर आई। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। प्रेम प्रसंग के कारण ही रामबाई और राजू ने रामकेश की हत्या की थी। राजू ने बताया कि रामकेश दोनों के प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहा था, इसी कारण उन्होंने उसकी हत्या कर दी। रामबाई ने पिता रामकेश को नींद की गोलियां दे दीं, जिसके बाद राजू ने कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर रामकेश को मौत के घाट उतार दिया और मौके से फरार हो गया।

**आरोपी की जुबानी हत्या की कहानी...**

आरोपी राजू डुमार ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मैं और रामकेश यादव पंचमपुर भाट के पहाड़ पर साथ में बकरियां चराने जाते थे। वहां रामकेश की बेटी रामबाई अपने पिता को खाना देने आती थी। इस दौरान राजू उसकी रामबाई से दोस्ती हो गई, जो बाद में प्यार में बदल गई। करीब तीन साल से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन इस बात की भनक रामबाई के पिता रामकेश को लग गई। उसने रामबाई को इसे लेकर फटकार लगाई। जिसकी जानकारी रामबाई ने उसे कॉल पर दी। घटना के तीन-चार दिन पहले रामबाई ने कॉल कर मुझे बताया कि पापा ने मुझे तुमसे दूर रहने के लिए कहा है। उनका (रामकेश) कहना है कि अब अगर, एक-दूसरे से मिले तो मैं दोनों को जान से मार दूंगा। रामबाई से मैनें पूछा कि क्या करना है तो उसने कहा कि पिताजी अब हमें मिलने नहीं देंगे, अगर हमने उन्हें नहीं मारा तो वे हम दोनों को मार डालेंगे। इसके बाद और हमने उनकी हत्या की साजिश रची।

**सो रहे पिता को दी मौत**

आरोपी राजू डुमार ने पुलिस से कहा कि रामबाई ने कॉल पर मुझे बताया कि उसके पास नींद की गोली रखी हैं। जिन्हें मैं पापा को खिला दूंगी, फिर तुम रात में आना और उन्हें सोते समय मारकर चले जाना। आठ अप्रैल की रात 10 बजे रामबाई ने मुझे कॉल कर कहा कि घर आ जाओ, मैनें पापा को नींद की गोली खिला दी हैं, वे गहरी नींद में सो गए हैं। मैं रामबाई के घर पहुंचा तो उसने कहा कि मैं महुआ बीनने के लिए जा रही हूं। मेरे जाने के बाद तुम पापा को मार देना। इसके बाद मैनें (राजू) सो रहे रामकेश की गर्दन पर कुल्हाडी से एक बाद एक कई वार किए, जिससे उेसकी गर्दन कट गई, उसके मरने के बाद मैं मौके से फरार हो गया।

## स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 60 नर्सिंग होम्स और अस्पतालों का पंजीयन किया गया निरस्त




ग्वालियर (ए.)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर डॉक्टर सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि मप्र उपचर्यागृह तथा रुजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1993 तथा नियम 1997 यथा संशोधित विधेयक 2008 एवं 2021 में निहित अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन का नवीनीकरण प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल में किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए नियम, 1997 के उप नियम 6 (1) अनुसार 31 मार्च के न्यूनतम एक माह पूर्व ऐसे समस्त निजी स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन नर्सिंग होम पोर्टल के माध्यम से पर्यवेक्षी प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाना होता है। अधिनियम की धारा तीन के अनुसार बिना वैद्य पंजीयन के नर्सिंग होम का संचालन नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार ग्वालियर 27 दिसंबर के द्वारा 31 मार्च 2024 को वैद्यता समाप्त होने वाले समस्त प्राइवेट नर्सिंग होम एवं क्लीनिक, ग्वालियर को पत्र जारी कर सूचित किया गया था कि 28 फरवरी 2024 के मध्यरात्रि 12 बजे ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पोर्टल बंद हो जाएगा। राज्य शासन द्वारा पुन: अनुमति देते हुए 31 मार्च 2025 तक पोर्टल चालू किया गया था। किंतु निम्नानुसार नर्सिंग होम, अस्पतालों के द्वारा समय सीमा में नर्सिंग होम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस कारण से निम्न 60 नर्सिंग होम, अस्पताल का पंजीयन लाइसेंस स्वत: निरस्त होकर पोर्टल से विलोपित हो गया है।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त कारणों को दृष्टिगत रखते मप्र उपचर्यागृह तथा रुजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1993 तथा नियम 1997 यथा संशोधित विधेयक 2008 एवं 2021 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत 60 नर्सिंग होम, अस्पतालों का पंजीयन लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किए गए हैं।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे गांव से 14 साल के बच्चे को उठा ले गया बाघ, खून से लथपथ मिला शव



उमरिया (ए.)। उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे पिपरिया गांव में शनिवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। जहां जंगल में महुआ बीनने गए एक 14 वर्षीय बालक पर बाघ ने हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। यह घटना जिले में वन्यजीवों और इंसानों के बीच बढ़ते टकराव का एक और चिंताजनक उदाहरण है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विजय कोल पिता अर्जुन कोल अपने एक साथी के साथ शनिवार सुबह गांव से सटे जंगल में महुआ बीनने गया था। जंगल में घने झाड़ियों के बीच छिपे बाघ ने अचानक विजय पर हमला कर दिया। बाघ ने बालक को अपने जबड़े में दबोच लिया और जंगल की ओर घसीटते हुए ले गया।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भीड़ घटना स्थल की ओर दौड़ी। सूचना मिलते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन की टीम भी मौके पर पहुंची और बालक की तलाश शुरू की गई। कड़ी मशक्कत के बाद बालक का शव एक नाले में मिला।

## पेड़ों को बचाने के लिए कल बड़ा प्रदर्शन... भोपाल, हैदराबाद के बाद इंदौर की बारी



इंदौर (ए.)। हुकुमचंद मिल और शहर में अंतिम सांसें गिन रही हरियाली को बचाने के लिए जन आंदोलन की तैयारी शुरू हो गई है। इस आंदोलन की शुरुआत कल रीगल चौराहे पर विशाल मानव श्रंखला से होने जा रही है। यह श्रृंखला 13 अप्रैल रविवार को कल शाम 5 बजे बनाई जाएगी।

**शहर की कई बड़ी संस्थाएं जुड़ी, घर घर दे रहे दस्तक**

पर्यावरण प्रेमी संस्थाओं का कहना है शहर को हरा भरा रखने वाले यह पेड़ सिर्फ पेड़ नहीं हैं बल्कि यह शहर के फेफड़े हैं। इनकी बदौलत ही हम सब साफ स्वच्छ सांसें ले पाते हैं। शहर में सिर्फ 9 प्रतिशत हरियाली बची है मगर किसी न किसी बहाने इसे खत्म किया जा रहा है। शहर के प्रबुद्ध जागरूक नागरिकों का कहना है कि सरकार विकास के बहाने शहरवासियों की सांसों का व्यापार बंद होना चाहिए।

## व्यापार समाचार

# सोने के बढ़ते भाव से नया चलन हुआ शुरू, शादी ब्याह के लिए पुराने आभूषण बेचकर खरीद रहे नए गहने



मुंबई (ए.)। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव और टैरिफ चिंताओं में कुछ समय पहले सोने की कीमतों में कमी देखने को मिली थी, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3200 डॉलर तक पहुंच गई है जिसका असर भारत में देखने को मिल रहा है। भारतीय बाजार में सोने के दाम में रोज उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। 12 अप्रैल को मुंबई में (दोपहर तक )24 कैरेट सोने की कीमत 96, 600 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई जबकि 22 कैरेट सोना का भाव 87,460 रुपये प्रति दस ग्राम रहा है। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि सोने के भाव शुक्रवार की तुलना में 2000 रुपये तक बढ़ गए हैं। सोने की कीमत अपना नया रिकॉर्ड भाव यानी 1,00,000 रुपये के स्तर पर जाने के लिए केवल 4,500 रुपये की दूर है।

झवेरी बाजार में रिसाइकिल सोने बिक्री खरीदी बढ़ी

बाम्बे बुलियन एसोसिएशन के सदस्य और ज्वेलर संजय कोठारी ने बताया कि सोने की कीमत उच्च रिकॉर्ड स्तर पर हैं, जिसकी वजह से आभूषण की खरीदारी फिलहाल नहीं हो रही है। शादी ब्याह का मौसम होने की वजह से 80 प्रतिशत ग्राहक रिसायकलिंग गोल्ड यानी पुराने आभूषणों नया करवा रहे हैं, जिसमें उन्हें केवल बनाई ही देनी पड़ रही है नहीं तो पुराने सोने को बेचकर उसकी जगह नए आभूषण ले रहे हैं।

सोने के सिक्कों अथवा सोने के बार को बेचकर भी ग्राहक आभूषण में बदल रहे हैं। वे कहते हैं, इतने अधिक भाव में नई खरीदारी 5 प्रतिशत तक देखने को मिल रही है, जिसमें भी उच्च आय वर्ग ही खरीदारी करता दिखाई दे रहा है। चांदी में भी छोटी वस्तुओं की खरीदारी है, जिसमें पायल अथवा उपहार में दी जाने वाली हल्की वस्तुओं की मांग 10 प्रतिशत तक है।

बॉम्बे बुलियन एसोसिएश के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार जैन कहते हैं, फिलहाल ग्राहकों को सोने की खरीदारी के लिए थोड़ा इंतजार करना चाहिए। यदि वे निवेश करना भी चाहते हैं तो, गोल्ड ईटीएफ में सिस्टमेंटिक इंवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए करना चाहिए, क्योंकि सोना इतना महंगा हो गया है कि फिलहाल इसकी खरीदारी फिजिकल न करके योजनाबद्ध तरीके से करने की जरूरत है।

## टैरिफ युद्ध के बीच अमेरिकी शेयर बाजार में उछाल, उतार-चढ़ाव से ऐतिहासिक रहा वॉल स्ट्रीट का यह सप्ताह

वॉशिंगटन (ए.)। टैरिफ युद्ध की आशंकाओं के बीच शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार में उछाल आया। हालांकि अमेरिकी डॉलर के गिरते मूल्य और वित्तीय बाजार के उतार-चढ़ाव ने संकेत दिया है कि अमेरिका और चीन के बीच संभावित टैरिफ वार से बाजार में डर का माहौल है। एसएंडपी 500 में 1.8 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। वहीं डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 340 अंकों की गिरावट से शुरू होकर 810 अंकों की बढ़त तक पहुंचा और फिर 619 अंकों या 1.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर बंद हुआ।

वहीं नैस्डैक कंपोजिट में 2.1 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। कुल मिलाकर शुक्रवार को एसएंडपी 500, 95.31 अंक बढ़कर 5,363.36 पर पहुंच गया।

## इटली के उप प्रधानमंत्री ने एस जयशंकर से की मुलाकात, IMEC को आगे बढ़ाने पर हुई बात



नई दिल्ली (ए.)। भारत और इटली के रिश्तों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों के नेता आगे आ रहे हैं। इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) का काम आगे बढ़ाने को लेकर बात की। इसके साथ ही व्यापार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया। इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी शुक्रवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना (जेएसएपी) 2025-29 के ढांचे के तहत विदेश मंत्री एस जयशंकर और ताजानी की मुलाकात हुई। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में जयशंकर और तजानी ने बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। इसमें व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और लोगों से लोगों के बीच संबंध जैसे क्षेत्रों को लेकर बात हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर, दूरसंचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, शिक्षा और युवाओं तथा पेशेवरों की गतिशीलता आदि क्षेत्रों में भारत-इटली सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर और तजानी ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने और जेएसएपी से परिणाम प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों मंत्रियों ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने इटली के हिंद-प्रशांत पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने का स्वागत किया । इसके अलावा उन्होंने आईएमईईसी को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्री ने IMEEC के लिए इटली द्वारा विशेष दूत की नियुक्ति करने की सराहना की।

भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे का लक्ष्य सऊदी अरब, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और शिपिंग नेटवर्क स्थापित करना है। इसका उद्देश्य एशिया, मध्य पूर्व और पश्चिम को एक करना है।

**पीयूष गोयल से भी की मुलाकात**

उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत-इटली व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी फोरम की सह-अध्यक्षता भी की। इस फोरम का उद्देश्य प्रौद्योगिकी सहयोग, नवाचार, शैक्षणिक और अनुसंधान एवं विकास साझेदारी, सह-उत्पादन और संयुक्त व्यापार उद्यमों को सुविधाजनक बनाना है।

## देश में यूपीआई से भुगतान में 41 प्रतिशत का उछाल, 2024 की दूसरी छमाही में



नई दिल्ली (ए.)। 2024 की दूसरी छमाही (जुलाई-दिसंबर) में भारत में मोबाइल फोन के द्वारा किए जाने वाले भुगतान की ट्रांजेक्शन वॉल्यूम 41 प्रतिशत बढ़कर 88.54 अरब हुई और वैल्यू 30 प्रतिशत बढ़कर 197.69 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में 2024 की दूसरी छमाही में मजबूत बढ़ोतरी दिखाई दी है। इसकी वजह यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), मोबाइल पेमेंट्स और कार्ड्स के उपयोग में इजाफा होना है।

रिपोर्ट में कहा गया हैं कि डिजिटल पेमेंट्स बुनियादी ढांचे में मजबूत वृद्धि के कारण यह संभव हुआ। यूपीआई क्यूआर (क्विक रिस्पांस) कोड की संख्या दिसंबर 2024 के अंत तक बढ़कर 63.34 करोड़ तक पहुंच गई है, जबकि इस अवधि के दौरान पीओएस टर्मिनल की संख्या 23 प्रतिशत बढ़कर 1 करोड़ हो गई है।

## मोबाइल फोन उत्पादन बढ़कर पांच लाख करोड़ के पार, भारत से निर्यात की जाने वाली सबसे बड़ी कमोडिटी बना



नई दिल्ली (ए.)। देश का मोबाइल फोन उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 5.25 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, जो 2023-24 में 4.22 लाख करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, स्मार्टफोन भारत से निर्यात की जाने वाली सबसे बड़ी कमोडिटी बन गई है।

सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के मुताबिक, देश से 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का स्मार्टफोन निर्यात हुआ है, जो सालाना आधार पर 55 फीसदी बढ़ा है। यह भारत के बढ़ते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की क्षमता को दिखाता है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई है। इससे क्षमता हासिल करने, वैश्विक निवेश पाने और और दुनिया के लिए एक बड़ा विनिर्माण हब बनने में मदद मिल रही है। इस योजना ने पर्याप्त वैश्विक निवेश आकर्षित किया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ने के साथ वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में देश की स्थिति मजबूत हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक व्यापार गतिशीलता में हाल में हुए बदलावों, खासकर अमेरिका के जवाबी टैरिफ ने अमेरिकी बाजार में भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए रणनीतिक अवसर खोले हैं। उधर, एक्सिस कैपिटल ने कहा, भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थिति मजबूत कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में मूल्य संवर्धन 30 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी पहुंच गया है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# पारदर्शिता सुनिश्चित करने बड़ा कदम

जज के निवास पर भारी मात्रा में नोटों के मिलने के विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों के बारे में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब पदभार ग्रहण करने के बाद सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपनी संपत्ति सार्वजनिक रूप से घोषित करने पर न्यायाधीशों ने सहमति जताई है। जजों की पूर्ण बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। यह खुलासा पूर्णतया स्वैच्छिक होगा।

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सहित सर्वोच्च न्यायालय के तैंतीस जजों में से तीस जजों ने अपनी संपत्ति की घोषणा की। पूर्ण पीठ द्वारा संकल्प लिया गया कि जब भी कोई महत्त्वपूर्ण अधिग्रहण किया जाए तो इसकी घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी चाहिए। हालांकि यह विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर मिली नगदी के बाद यह बड़ा निर्णय लिया गया है। न्यायपालिका में पारदर्शिता और लोगों का विश्वास बनाए रखने की लिहाज से यह कदम दूरगामी साबित हो सकता है। यह प्रस्ताव सभी भावी जजों पर लागू होगा। हाई कोटरे को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। 1977 में भी इसी तरह के प्रस्ताव रखे जाने के बावजूद इन पर अमल नहीं लाया जा सकता था। चूंकि बीते दिनों उठे विवादों को लेकर काफी चिंता व्यक्त की जा रही है, इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि इस घोषणा की उपेक्षा नहीं की जाएगी। यूं तो राजनेताओं के पास मिलने वाली आय से अधिक संपत्ति के बाद संपत्ति की घोषणा भले ही की जा रही है मगर उसे जनता द्वारा संदेह की नजर से ही देखा जाता है। दूसरे, उन्होंने यह संपत्ति कहां से और कैसे अर्जित की, यह सवाल खड़ा ही रहता है। जीवन साथी या परिवार के अन्य सदस्यों के नाम जमा राशि या जमीन-जायदाद के मामले किसी से छिपे नहीं हैं। भ्रष्टाचार व काले धन को लेकर मोदी सरकार सत्ता में आने से पहले जितनी मुखर थी, अब उतनी मौन ओढ़े है। बहरहाल, सबसे बड़ी अदालत ने अनाप-शनाप काला धन कबाड़ने वालों को बड़ा संकेत दिया है। इस मसले में सरकार से नाउम्मीद हो चुकी जनता का अदालत पर भरोसा तो बढ़ेगा ही, साथ ही नई उम्मीद भी जाग सकती है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पूरी करने के बाद नई दिल्ली पहुंचीं।

# वक्फ संशोधन के विरुद्ध याचिकाओं की प्रतिस्पर्धा शुरु

अवधेश कुमार

वक्फ संशोधन के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाओं की प्रतिस्पर्धा शुरू हो चुकी है। इस संशोधन के दोनों सदनों में पारित होने के अगले दिन से ही उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं जाने लगीं।

एक साथ तीन तलाक, नागरिकता संशोधन कानून और अनुच्छेद 370 हटाए जाने के विरु द्ध भी हमने यही देखा। इन सभी मामलों की न्यायिक परिणति देश के सामने है।

हमारे सामने दो दृश्य भी हैं। लोक सभा में बहस के पूर्व सभी पार्टियों ने व्हिप जारी कर दिया था। राज्य सभा में गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट घोषणा की कि सांसद स्वतंत्र हैं, व्हिप नहीं है, वे जैसे चाहें मतदान करें। इसके बावजूद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संख्या से ज्यादा मत विधेयक के समर्थन में आए। इसके कोई निहितार्थ हैं या नहीं? दोनों सदनों में बहस और मतदान के दौरान देश में समर्थन और विरोध, दोनों में मुसलमान उतरे। उन दो दिनों में समर्थकों की संख्या भी काफी ज्यादा थी। अलग-अलग धार्मिक संस्थाओं और संगठनों ने खुल कर विधेयक का समर्थन किया। इनमें वे मुस्लिम मजहबी नेता और संस्थाओं के प्रमुख भी शामिल थे जो पहले वक्फ में किसी प्रकार के संशोधन का घोर विरोध करते थे।

ऐसे विषयों पर सुधार और परिवर्तन के संवैधानिक कानूनी कदमों के विरुद्ध प्रचार और रोकने की कोशिश पहली बार नहीं है। वक्फ कानून, उससे संबंधित बोर्ड और ट्रिब्यूनल या न्यायाधिकरण को मुस्लिम वोट पाने की नीति के तहत सुपर सरकार, सुपर प्रशासन और सुपर न्यायपालिका की भूमिका दे दी गई थी, उस ढांचे में लाभान्वितों तथा आनंद सुख भोगने वालों के अंदर छटपटाहट स्वाभाविक है। वक्फ कानून में संशोधन क्यों नहीं होना चाहिए था या संशोधन में क्या असंवैधानिक, इस्लाम विरोधी, मुस्लिम विरोधी है, इसका तथात्मक उत्तर विपक्ष के किसी नेता द्वारा संसद में नहीं मिला। जब एक सदस्य ने कहा कि मुसलमान कानून को नहीं मानेगा तब गृह मंत्री ने कहा कि यह संसद द्वारा बनाया गया कानून है, सबको मानना पड़ेगा। संसद द्वारा विहित प्रक्रिया के तहत पारित कानून भारत के सभी क्षेत्रों और व्यक्तियों पर लागू होता है। कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी ने लोक सभा में विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को बहुमत के द्वारा संविधान का अतिक्रमण और लोकतंत्र का गला घोंटने के समान बता दिया।



लोक सभा में अमित शाह ने रिकॉर्ड रखते हुए बताया कि संप्रग सरकार ने 2013 में चार घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन विधेयक पास कर दिया था जबकि इस बार दोनों सदनों में करीब 27 घंटे से ज्यादा का समय लगा। वक्फ ने जिस तरह पूरे देश में संपत्तियों का दावा किया, कब्जे में लिया उसकी अनेक कथाएं रिकॉर्ड में सामने हैं। यह कैसी संवैधानिक व्यवस्था थी जिसमें वक्फ किसी संपत्ति पर दावा कर दे तो वक्फ ट्रिब्यूनल के अलावा आप कहीं नहीं जा सकते। ट्रिब्यूनल बरसों लगा देगा और फैसले को सिविल न्यायालय में चुनौती नहीं दे सकते यानी आपकी संपत्ति गई। इसमें हिन्दू और मुसलमान, दोनों के साथ सार्वजनिक सरकारी संपत्तियां भी शामिल हैं। गृह मंत्री ने सदन में रिकॉर्ड पर कहा कि कोई गांव या शहर से बाहर नौकरी करने चला गया और उसकी संपत्ति वक्फ कर दी गई।

वक्फ में कोई बदलाव नहीं है। किंतु हम अपनी संपत्ति वक्फ में रजिस्ट्री करा सकते हैं, दूसरे की संपत्ति पर कैसे दावा कर सकते हैं? सरकार कैसे संपत्ति वक्फ कर सकती है? यूपीए सरकार के सत्ता में आने के बाद सच्चर आयोग की नियुक्ति और उसकी रिपोर्ट के बाद पूरे देश में अलग से इस्लामी ढांचा स्थापित करने की प्रक्रिया में केंद्र और राज्य सरकारों ने अनेक संपत्ति वक्फ बोडरे को दी। हमारी, आपकी या किसी मंदिर की जमीन के कागजात, राजस्व आदि का विषय जिला कलेक्टर के अधीन होगा किंतु वक्फ का नहीं हो तो कैसे इसे कानून का पालन माना जाएगा? वक्फ इस्लाम का अंग है, लेकिन भारत के संविधान और कानून के तहत सरकारों द्वारा गठित वक्फ बोर्ड और वक्फ ट्रिब्यूनल इस्लाम का विषय नहीं हो सकता। उसे संविधान और कानून के अंतर्गत ही काम करना होगा। कोई संपत्ति जिस उद्देश्य के लिए वक्फ हुई, उसका उपयोग उसके अनुरूप हो रहा है या नहीं तथा वक्फकर्ता ने स्वेच्छा से ऐसा किया या दबाव डाल कर कराया गया इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी प्रशासन की है। जिस संस्था में लगभग 41 हजार विवाद हों और उनमें 10 हजार मुसलमानों द्वारा किए गए उसे कायम नहीं रखा जा सकता था।

वास्तव में वक्फ कानून में संशोधन एक लोकतांत्रिक और समानता के सिद्धांत के विरुद्ध, मजहब का अंग न होते हुए भी इस्लाम के नाम पर कुछ शक्तिशाली प्रभुत्वशाली मुस्लिम पुरुषों के एकाधिकार और निरंकुश ढांचे को ध्वस्त कर वक्फ की मूल सोच के अनुरूप संविधान की परिधि में लोकतांत्रिक चरित्र में परिणत करने का प्रगतिशील कदम है। ऐसे ढांचे को संसदीय व्यवस्था के तहत ध्वस्त करना, जिसको सरकारें बदलाव की आवश्यकता महसूस करते हुए भी स्पर्श करने तक से डरती रही हों, निस्संदेश साहसिक, ऐतिहासिक और युगांतरकारी कदम है। वक्फ की संपत्ति पर इस्लाम की मान्यता के अनुसार गरीब विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं तथा अनाथों का अधिकार है। वक्फ बोर्ड में आपको सामान्य मुस्लिम परिवार के सदस्य शायद ही मिलेंगे। अब इस दौर का अंत होगा तथा गरीब, वंचित, पसमांदा, महिलाएं सब इस्लाम की धारणा के अनुसार वक्फ के उचित उपयोग में भूमिका निभा सकेंगे।

वक्फ ने पुराने मामलों के संदर्भ में बदलाव नहीं किया है लेकिन जिन पर विवाद है वे कायम रहेंगे। रिकॉर्ड में और ऑनलाइन आते ही सब पारदर्शी होगा। तो वक्फ के नाम पर हुए अन्याय के निराकरण का रास्ता प्रशस्त होगा और पीड़ितों को न्याय प्राप्त होने की ठोस संभावना बनेगी। ऐसे मामलों का सच देश के सामने होगा और इस्लाम के नाम पर हंगामा खड़ा करने वालों के चेहरे भी बेनकाब होंगे। भूमि या ऐसे मामले राज्यों के विषय हैं। तो अलग-अलग राज्यों का तंत्र सरकारों की राजनीतिक नीति के अनुसार काम करेगा और इनमें समस्याएं आएंगी। किंतु वक्फ के दावों के विरु द्ध पीड़ित को न्यायालय जाने से कोई नहीं रोक सकता। और सिविल न्यायालय में व्यक्ति की पहचान और कानून के अनुसार ही फैसला होगा।

# राणा के बहाने पाकिस्तान का पूरा आतंकी सच उजागर हो

मुंबई में भीषण, खौफनाक एवं दर्दनाक आतंकी हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल रहने वाले पाकिस्तान मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत लाया जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीतिक जीत एवं भारत की कानून की बड़ी सफलता है। लगभग 170 लोगों की दर्दनाक मौत, क्रूरता एवं अमानवीयता का डरावना मंजर एवं देशवासियों की आंखों को गमगीन करने वाले इस आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिये एक उजली किरण बनकर प्रस्तुत हुई है। 26-11-2008 एक ऐसी डरावनी तारीख है जिसे याद करके देशवासी सिहर जाते हैं। दहशत की तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती हैं। यह तारीख मुम्बई के पुराने घाव को न केवल कुरेदती है बल्कि टीस भी पैदा करती है कि 150 करोड़ का यह देश अब तक क्यों नहीं राणा का प्रत्यर्पण कराकर उसे दर्दनाक सजा दे पाया। अब राणा के भारत के शिकंजे में आ जाने से 26-11 के घावों पर कुछ मरहम लगेगा क्योंकि मुम्बई एवं देश आज भी जख्मों का हिसाब मांगती है।

देर आये दुरस्त आये की कहावत को चरितार्थ करते हुए अब देश का खतरनाक दुश्मन हाथ आ गया है तो उसे ऐसी सजा दी जाये कि न केवल पाकिस्तान, पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन एवं दुनिया में आतंक फैलाने






वाले सहम जाये कि भविष्य में ऐसी घटना करने का दुस्साहस न कर सके। यह तो तय है कि राणा से पूछताछ में कई राज खुलेंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या उसे फांसी की सजा देना संभव होगा? भारत सरकार को ऐसे कूटनीतिक एवं साहसिक प्रयत्न करने होंगे, जिससे उसे फांसी की सजा देना संभव हो सके और वह भी कम से कम समय में। मुंबई हमले के दौरान पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को सजा देने में चार साल लग गए थे। इतनी देरी राणा के मामले में नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा मामला है, जिस पर देश के साथ दुनिया की भी निगाह होगी। राणा की सजा से ही भारत के न्यायतंत्र की त्वरता एवं तत्परता सामने आयेगी। क्योंकि खूंखार आतंकियों को सजा देने में देरी से आतंक से लड़ने की प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिह्न टंकते है।

17 साल बाद आज भी महानगर मुम्बई की वह काली रात एवं गोलियों की गूंज से सब दहल उठते है, सहम जाते हैं। उस दिन पाक प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने एक साथ कई जगहों पर हमला किया। लियो पोर्ल्ड कैफे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शुरू हुआ मौत का दर्दनाक तांडव ताजमहल होटल में जाकर खत्म हुआ। जिसमें आतंकवाद निरोधक दस्ते यानि एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे, मुम्बई पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कामटे और पुलिस इंस्पैक्टर विजय सालस्कर शहीद हुए। आतंकवादी कसाब को जिन्दा पकड़ने वाले साहसी सब इंस्पैक्टर तुकाराम को कौन भुला सकता है, जो एक दूसरे आतंकवादी की गोलियों का शिकार होकर भी, जान की बाजी लगाकर कसाब को पकड़ने में सफलता पायी, भले ही इस एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को सजा-ए-मौत दी गई लेकिन इस हमले ने क्रूरता के जो निशान छोड़े वे आज भी मुम्बई में मौजूद हैं, भारत के जन-जन के हृदय पटल पर अंकित है।

कौन नहीं जानता कि तहव्वुर राणा ने दाऊद सईद गिलानी यानि डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर हमले की साजिश रची थी। डेविड हेडली ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुम्बई में फर्स्ट वर्ल्ड इमीग्रेशन सर्विसिज के नाम से एक कम्पनी का कार्यालय खोला और खुद को बिजनेसमैन के रूप में पेश किया।




## आज का राशिफल

मेष राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज लेखकों की कोई किताब पब्लिश होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, आज आपको अपने खर्चो पर रोक लगाने की आवश्यकता। नवविवाहित दंपति को आज जीवनसाथी से उपहार मिलेगा। आज आप खुद को फिट महसूस करेंगे। आज राजनीति से जुड़े लोगों को अचानक धन की प्राप्ति होगी। विद्यार्थी आज किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

वृष राशि: आज का दिन शानदार रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारी अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकते हैं। शिक्षकों का ट्रांसफर उनकी मनपसंद जगह पर हो सकता है। जॉब के लिए प्रयासरत युवाओं को अपनी तलाश जारी रखने की जरूरत है, जल्द ही जॉब मिलेगी। स्वास्थ्य संबंधित समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। काफी दिनों से किसी मनचाही चीज को लेने का सपना आज पूरा होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। ड्राई फ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते की बात को आगे बढ़ा सकते हैं। आज विद्यार्थियों को अपने पुराने चैप्टर का अध्ययन करते रहने की जरूरत है।

कर्क राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। नए बिजनेस को शुरू करने का विचार आपको उत्साहित करेगा। परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते है। दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज खत्म हो जाएंगी, जीवनसाथी खुश होने की वजह देंगे। काफी समय से एक ही जगह कार्यरत लोगों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा। आज आपके पिता अपना जरूरी कार्य आपको करने को दे सकते हैं।

सिंह राशि: आज आपका दिन रोज की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज अपने करीबी दोस्त की वजह से आपको जॉब मिलेगी, इससे आपकी दोस्ती और गहरी होगी। आज कार्यक्षेत्र में किसी अनुभवी की सलाह कारगर साबित होगी। आज आप घरवालोंकी बातों को भी समझेंगे। आपके दांपत्य रिश्ते में आपसी तालमेल बना रहेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। कपड़े का कारोबार कर रहे लोगों की इनकम में बढ़ोतरी होगी। आज घर के बड़ों को समय से दवाइयां देने की जरूरत है। लवमेट के रिश्ते में हो रही गलतफहमियां आज समाप्त होंगी, आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा। बच्चे आज किसी जरूरी बात को अपनी मां से शेयर करेंगे। सोशल मीडिया पर आपके फॉलोवर्स में इजाफा होगा।

तुला राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। कॉस्मेटिक कारोबारी आज ऑनलाइन अपने प्रोडक्ट की अच्छी सेल कर पाएंगे। ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपको नया टारगेट दे सकते हैं। जीवनसाथी के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है। विज्ञान जगत से जुड़े लोगों को आज सम्मानित किया जाएगा। ब्लड प्रेशर संबंधित समस्या से परेशान लोगों को आज आराम मिलेगा। लवमेट का रिश्ता मजबूत बनेगा। उपहार मिलने से आज आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अपने ईगो को छोड़कर बड़ों की बात को सुने। आज आप जीवनसाथी की मनपसंद डिश बनाएंगी। घर में बड़े बुजुर्गों की सेहत का ध्यान देने की अवश्यकता है। वाहन लेने का विचार अपने परिवार के साथ कर सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

धनु राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप अपने दोस्त की मदद से रुके हुए प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे। आज किसी अनजान व्यक्ति की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है, लेकिन थोड़ी देर बाद ठीक भी हो जाएगा। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाने का विचार करेंगे। दांपत्य जीवन में हो रही नोक झोंक आज खत्म हो जाएगी, जीवनसाथी आपको शॉपिंग पर ले जाएंगे। आज आप दूसरों से अपना काम निकलवाने में सक्षम रहेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऑफिस में कई दिनों से रुका कार्यों आज समय से पूरा कर लेंगे। डिप्लोमा छात्रों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। घर में किसी खास रिश्तेदार के आगमन से खुशी का माहौल बनेगा। ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। लवमेट फोन पर देर तक बात करेंगे, जिससे आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। शिक्षकों का ट्रांसफर उनकी मनपसंद जगह पर होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में नई-नई खुशियां आने से पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज अचानक धन की प्राप्ति होगी, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। स्वास्थ्य संबंधित समस्या से आपको काफी हद तक आराम मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह आपको व्यापार में अच्छा लाभ दिलाएगी। किसी अच्छी कंपनी से आपके लिए जॉब का प्रस्ताव आ सकता है। आज आपके दांपत्य जीवन में सौहार्द्र बना रहेगा। कार्यों में परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

मीन राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज क्रेडिट कार्ड से फिजूल खर्चो से बचेंगे तो आप परेशानी से बच जाएंगे। आज वकील किसी क्लाइंट के केस को जीतने में सफल रहेंगे, जिससे उन्हें अच्छा लाभ होगा। आज आपको अपने बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगा। ऑफिस में अपने सीनियर्स से कुछ जरूरी सीखने का मौका मिलेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार बना सकते हैं।

# मुद्रा योजना विकसित भारत तक ले जाने वाला सोपान

अखिलेश झा

विकसित भारत के लक्ष्य में जितनी बड़ी भूमिका बड़े उद्यमों की है, उतनी ही महत्त्वपूर्ण भूमिका छोटे एवं मंझोले उद्यमों की भी। समावेशी विकास, गांवों-कस्बों में खेती से इतर रोजगार के अवसर के सृजन, किसानों के लिए मूल्य-संवर्धित सेवाओं के विकल्प और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की अपेक्षित भागीदारी के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे अपेक्षित पहल थी छोटे-मंझोले उद्यमों के लिए सुलभ वित्तपोषण की। इस अपेक्षा को यथार्थ में बदला प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने, जो अपनी सफलता का आज पहला दशक पूरा कर रही है।

2015 में शुरू हुई 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' के तहत अबतक 52 करोड़ से अधिक ऋण दिए गए हैं। इस योजना ने भारतीय अर्थव्यवस्था को दस करोड़ से भी अधिक नये कारोबारी दिए हैं, जो प्रतिशत में 20 से भी अधिक हैं कुल ऋणलाभुकों के। इन नये कारोबारियों को दिया गया कुल ऋण दस लाख करोड़ से भी अधिक का है। ये आंकड़े न सिर्फ भारतीय उद्यम के बदलते चेहरे को दर्शाते हैं, बल्कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली की प्रगतिशील सोच एवं पहुंच को भी दिखाती है।

इस योजना के तहत पचास हजार रु पये के ऋण से लेकर बीस लाख रु पये तक के ऋण न सिर्फ भारतीय बाजार में नये उद्यमों और नये उद्यमियों के लिए जगह बना रहा है, बल्कि रोजगार के लिए भी करोड़ों अवसर पैदा कर रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के एक अध्ययन के मुताबिक वर्ष 2015 से 2018 के बीच तीन वर्षो में लगभग 1.12 करोड़ नये अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित हुए थे।

इस दौरान लगभग 5.55 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए थे इस योजना के तहत। यदि इस सह-संबंध को अबतक दिए गए 32.40 लाख करोड़ के ऋण के अनुसार देखा जाए, तो पिछले एक दशक में लगभग 7 करोड़ अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित हुए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की वजह से। मुद्रा योजना ने न सिर्फ उद्यम का स्वरूप बदला है, उद्यमियों के भी प्रोफाइल में गुणात्मक परिवर्तन किए हैं।

इस योजना के तहत लगभग 35 करोड़ महिलाओं के खाते में ऋण दिए गए हैं। इस तरह मुद्रा योजना के तहत लाभार्थी उद्यमियों में महिलाओं का प्रतिशत दो तिहाई से भी अधिक है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारतीय समाज-व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी इंगित करता है।

सामाजिक वर्ग के हिसाब से देखा जाए, तो इस योजना के तहत 8.5 करोड़ ऋण के खाते अनुसूचित जनजातियों के थे, लगभग 3 करोड़ अनुसूचित जनजातियों के और 14 करोड़ से भी अधिक खाते अन्य पिछले वर्ग के उद्यमियों के थे।

इस योजना के तहत 5.6 करोड़ उद्यमी अल्पसंख्यक थे, जिन्हें लगभग 3 लाख करोड़ रु पये का ऋण बैंकों द्वारा दिया गया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की सफलता एवं लोकप्रियता की वजह समझनी हो, तो एक आंकड़ा इसे सबसे बेहतर स्पष्ट कर देता है।

इस योजना के तहत 52 करोड़ बैंक खातों के लिए 33.19 लाख करोड़ रुपये के ऋण विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गए 2015 से अभी तक। उस 33.19 लाख करोड़ रु पये की ऋण-स्वीकृति में से 32.40 लाख करोड़ रु पये के ऋण जारी किए जा चुके हैं। जाहिर है, इस योजना की निगरानी सभी स्तरों पर प्रभावी रूप में हो रही है।

इस मुद्रा योजना ने भारतीय बाजार के स्वरूप को भी बड़े सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इसे एक आंकड़े से समझा जा सकता है। इस योजना के 'शिशु' श्रेणी में, जिसमें अधिकतम ऋण 500 रु पये का दिया जाता है, उसमें 2015-16 में ऋण का औसत आकार मात्र 19411 रु पये था, जो बीते साल में लगभग दुगुना हो गया-37400 रुपये। इस मुद्रा योजना के तहत 'शिशु' श्रेणी में ही तीन चौथाई से अधिक ऋण दिए गए हैं। इससे साफ स्पष्ट होता है कि बैंकों ने नये-नये उद्यमियों का स्वागत उद्यम-जगत में किया है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने भारतीय भूभाग के पूरे फैलाव को बड़े रोचक तरह से प्रभावित किया है। एक तरफ इसने पिछड़े राज्यों में नये उद्यमियों की पौध खड़ी की है, तो वहीं विकसित राज्यों में भी उद्यमियों का नये तरीके से वित्तपोषण किया है। इस योजना के तहत सबसे अधिक 5.91 करोड़ ऋण के खाते बिहार में हैं और उसके बाद 5.80 करोड़ खाते तमिलनाडु में।

कहने की आवश्यकता नहीं कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एक साथ कई लक्ष्यों का संधान कर रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था समावेशी हो रही है, उसमें महिलाओं की भूमिका निर्णायक हो रही है, गांव एवं कस्बों का योगदान कृषि से इतर हो रहा है और रोजगार के नये और बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं। मुद्रा योजना सिर्फ वित्तपोषण की योजना नहीं है, यह विकसित भारत तक ले जाने वाला सोपान है।

## वर्तमान वैश्विक पटल पर भारत के लिए आपदा में अवसर हैं

अमेरिका ने अन्य देशों से अमेरिका में होने वाली आयातित उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर विश्व के लगभग समस्त देशों के विरुद्द एक तरह से व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। इससे यह आभास हो रहा है आगे आने वाले समय में विभिन्न देशों के बीच सापेक्ष युद्ध न होकर व्यापार युद्ध होने लगेगा। चीन से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर तो अमेरिका ने 145 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। एक तरह से अमेरिका की ओर से चीन को यह खुली चुनौती है कि अब अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात कर के बताए। 145 प्रतिशत के आयात कर पर कौन सा देश अमेरिका को अपने उत्पादों का निर्यात कर पाएगा, यह लगभग असम्भव है। इससे चीन की अर्थव्यस्था छिन्न भिन्न हो सकती है, यदि चीन, अमेरिका के स्थान पर विश्व के अन्य देशों को अपने उत्पादों का निर्यात नहीं बढ़ा पाया। बगैर प्रत्यक्ष युद्ध किए, अमेरिका ने चीन पर एक तरह से विजय ही प्राप्त कर ली है और चीन की अर्थव्यवस्था को भारी नुक्सान करने के रास्ते खोल दिए हैं, हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। परंतु, ट्रम्प प्रशासन ने विश्व के 75 देशों पर लागू किए गए टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर अन्यथा होने वाले विपरीत प्रभाव को बहुत बड़ी हद्द तक कम कर लिए गया है। अमेरिका संभवत चाहता है कि आर्थिक मोर्चे पर चीन पर इतना दबाव बढ़ाया जाए कि चीन की जनता चीन के वर्तमान सत्ताधरियों के विरुद्ध उठ खड़ी हो और चीन एक तरह से टूट जाए।



# वक्फ विवाद : ममता बोलीं, बंगाल में लागू ही नहीं होगा तो, बवाल क्यों? अमित मालवीय ने वीडियो शेयर कर साधा निशाना



कोलकाता (आरएनएस)। वक्फ संशोधन कानून के लागू हो जाने के बाद भी देश में इसके विरोध को लेकर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ जहां तमाम विपक्षी दल केंद्र सरकार के इस कानून का विरोध कर रहे हैं वहीं कई मुस्लिम संगठन भी इसके विरोध में सड़कों पर उतरने की धमकी दे रहे हैं। इस कानून के खिलाफ और इसके पक्ष में कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में भी डाली गई हैं। इस सबके बीच पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद सहित कई हिस्सों में इस कानून के विरोध में सड़कों पर जमकर हंगामा काटा गया। जिसको लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। जिसको लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक टीएमसी नेता का वीडियो साझा कर ममता बनर्जी पर इस हंगामे को भड़काने का आरोप लगाया। दरअसल, सीएम ममता बनर्जी की अपील के बाद भई पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में वक्फ कानून के खिलाफ मुस्लिम संगठन सड़कों पर हैं। इसी बीच भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सीएम ममता पर गंभीर आरोप लगाए। मालवीय ने ममता बनर्जी को झूठी बताते हुए उन पर हिंसा भड़काने और सांप्रदायिक तनाव को हवा देने का आरोप लगाया।

अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ममता बनर्जी झूठी हैं। वक्फ संशोधन पर व्यापक असंतोष को भड़काने वाली वे पहली व्यक्ति थीं - जबकि जेपीसी और संसद अभी भी इसके पुराने प्रारूप के दुरुपयोग को रोकने और नए कानून में सुरक्षा उपाय जोड़ने के प्रावधानों पर चर्चा कर रहा था। उन्होंने सक्रिय रूप से हिंसा को उकसाया और प्रायोजित किया, खासकर शुक्रवार की नमाज के बाद।

## किश्तवाड़ एनकाउंटर में अब तक 3 आतंकी मारे गए, एम-4 और एके 47 रायफल बरामद

जम्मू, (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में दहशतगर्दों के साथ सुरक्षाकर्मियों की मुठभेड़ में अब तक तीन टेरेरिस्ट मारे गए हैं. मारे गए ये तीनों आतंकी पाकिस्तानी हैं. इनमें से दो आज मारे गए, वहीं तीसरा पाक आतंकी मुठभेड़ में कल मारा गया था. जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना मिलने के बाद किश्तवाड़ के चटरू इलाके में 9 अप्रैल से सुरक्षा बलों के ये अभियान चल रहा है. सुरक्षा बलों के इस अभियान में शुक्रवार को एक पाकिस्तानी दहशतगर्द मारा गया था, वहीं आज इन आतंकियों से हुई मुठभेड़ में दो टेरेरिस्ट ढेर हुए. किश्तवाड़ के चटरू इलाके में हुई इस मुठभेड़ के बाद आतंकियों के पास से भारी मात्रा में युद्धक हथियार मिले हैं. इन हथियारों में एम 4 कार्बाइन और एके 47 रायफल शामिल है।

आर्मी का कहना ही कि भारतीय सेना का कॉबिंग अभियान जारी है. इस आतंकी हमले में कल से आज तक तीन पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर कर दिए गए हैं।

सेना का कहना है कि किश्तवाड़ का दुर्गम क्षेत्र और खराब मौसम के बावजूद जवानों का ऑपरेंशन चटरू जारी है. इस कड़ी में अब तक तीन पाकिस्तानी मिलिटेंट मारे गए हैं. इनमें से आज दो और कल एक दहशतगर्द मारा गया. इनके पास से भारी मात्रा में हथियार मिले हैं. वहीं सुरक्षाबलों का अभियान जारी है।




दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नई दिल्ली स्थित दिल्ली भाजपा कार्यालय में हनुमान जयंती के अवसर पर प्रसाद वितरित किया।

## उत्तराखंड में दर्दनाक हादसा : शादी में जा रहे परिवार की थार गाड़ी नदी में गिरी, 3 बच्चों समेत 5 की मौत

देवप्रयाग (आरएनएस)। उत्तराखंड में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार तड़के एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। फरीदाबाद से चमोली के गौचर में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार की थार जीप देवप्रयाग के पास गहरी खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में समा गई। इस भीषण दुर्घटना में तीन बच्चों समेत परिवार के पांच सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला को गंभीर हालत में बचा लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा शनिवार तड़के बदरीनाथ हाईवे पर देवप्रयाग से करीब 15 किलोमीटर आगे श्रीनगर की ओर बगवान के पास हुआ। फरीदाबाद में रहने वाला यह परिवार (जो मूल रूप से चमोली का निवासी है) अपनी रिश्तेदारी में गौचर में आयोजित मेहंदी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। बताया जा रहा है कि थार जीप तेज रफ्तार में थी और अनियंत्रित होकर लगभग 250 मीटर गहरी खाई में लुढ़कते हुए सीधे अलकनंदा नदी में जा गिरी।



औट-लुहरी-रामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर मंगलौर पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे मंडी जिले के बालीचौकी और बंजार निर्वाचन क्षेत्रों के बीच यातायात बाधित हो गया है।

## जज ने कविता लिख दुष्कर्मी को सुनाई फांसी, कहा-बच्ची ने सिसकियां ले मम्मी-पापा को याद किया

सिवनी मालवा, (आरएनएस)। नर्मदापुरम के सिवनी मालवा में 6 साल की नाबालिग बालिका को इंसाफ मिल गया है. दुष्कर्म एवं हत्या के आरोपी अजय वाडीवा को प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान ने फांसी की सजा सुनाई है। शुक्रवार शाम को जज ने मार्मिक कविता लिखते हुए इस फैसले को सुनाया है. न्यायालय ने आरोपी पर 3000 का जुर्माना एवं दुष्कर्म एवं हत्या के अपराध के लिए धारा 137(2), 64, 65(2), 103(1), 66 बीएनएस 5 (एम), 6 पॉक्सो में मृत्युदंड एवं पीडिता के माता-पिता को चार लाख रुपये का प्रतिकर स्वरूप दिये जाने का आदेश दिया है. एडीपीओ मनोज जाट ने बताया कि, घटना दो जनवरी 2025 की रात की है. आरोपी अजय 6 वर्ष की मासूम बालिका को घर से उठाकर लेकर गया और नहर के किनारे झाड़ियां में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. बालिका जब चिल्लाई तो उसका मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# प. बंगालः हिंसा के बीच शुभेंदु ने अनुच्छेद 355 लागू करने की मांग की

कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने राज्य में कथित रूप से बड़े पैमाने पर हिंसा और अराजकता के बारे में चिंता जताई. उन्होंने इसके लिए एक समूह के विरोध प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया, जिसे उन्होंने संविधान और देश के कानून का विरोध करने वाला कट्टरपंथी कहा।

एक्स पर एक पोस्ट में अधिकारी ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है. अनियंत्रित भीड़ की कार्रवाइयों के कारण सार्वजनिक सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में एक खास समूह के कट्टरपंथियों द्वारा विरोध प्रदर्शन के नाम पर बड़े पैमाने पर हिंसा, अराजकता और अराजकता देखी जा रही है. ये लोग जिन्होंने साफ तौर पर कहा है कि वे भारत के संविधान के खिलाफ हैं. देश के कानून का विरोध करेंगे, वे सड़कों पर उतर आए हैं।

सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को मनमाने ढंग से नुकसान पहुंचाया जा रहा है. आम लोगों की सुरक्षा से समझौता किया गया है, क्योंकि वे इन क्रूर कट्टरपंथियों की दया पर हैं. अधिकारी ने कहा कि राज्य प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मुर्शिदाबाद में बीएसएफ की तैनाती की मांग की है।

उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और गृह विभाग के सचिव से केंद्रीय गृह मंत्रालय से सहायता मांगने का आग्रह किया. उन्होंने मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना, हुगली, मालदा और बीरभूम जिलों के कुछ हिस्सों में धारा 355 लागू करने का सुझाव दिया जिसमें कहा गया कि स्थिति हाथ से निकल रही है।

प्रशासन ने मुर्शिदाबाद जिले में उत्पात को नियंत्रित करने के लिए अनिच्छा से बीएसएफ कर्मियों की तैनाती की मांग की है।

## नागपुर में एल्युमीनियम फॉयल फैक्ट्री में ब्लास्ट, पांच लोगों की मौत

नागपुर, (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नागपुर में एल्युमीनियम फॉयल और पाउडर बनाने वाली एक कंपनी में जबरदस्त विस्फोट हुआ. उमरेड की एमआईडीसी की एक कंपनी में विस्फोट के बाद आग लग गई. इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी. कई कर्मचारी घायल हैं. उनका इलाज चल रहा है. शुक्रवार शाम की घटना बतायी जा रही है।

इस घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गयी. विस्फोट के बाद इलाके में दहशत का माहौल था. लोगों को पहले समझ में ही नहीं आ रहा था कि क्या हुआ. विस्फोट में कई कर्मचारी घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि इनमें से पांच लोगों की मौत हो गई. कंपनी में एल्युमिनियम पाउडर होने के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कतें आईं।

आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची. विस्फोट की सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची. घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया. उमरेड पुलिस इंस्पेक्टर धनजी जलाक ने बताया कि सारा पाउडर जलने के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# सुप्रीम कोर्ट की राष्ट्रपति को लेकर टिप्पणी, कहा- लंबित विधेयकों पर 3 महीने में लें फैसला

नईदिल्ली, (आरएनएस)। कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को राज्यपाल द्वारा लंबित रखे जाने पर सख्त नाराजगी जाहिर की थी। अब कोर्ट ने इस संबंध में राष्ट्रपति को लेकर भी टिप्पणी की है।

कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचार के लिए भेजे गए विधेयकों पर 3 महीने की भीतर फैसला लेना होगा।

अगर इससे ज्यादा देरी होती है तो राज्य को इसका कारण भी बताना होगा।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि न्यायालय ऐसे मामलों में हस्तक्षेप



करने में शक्तिहीन नहीं होंगे, जहां संवैधानिक प्राधिकारी द्वारा कार्य का निष्पादन उचित समय के भीतर नहीं किया जा रहा है। राज्यपाल राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयक सुरक्षित रखता है और राष्ट्रपति उस पर अपनी सहमति रोक लेता है तो राज्य सरकार के लिए इस न्यायालय के समक्ष ऐसी कार्रवाई का विरोध करने का विकल्प होगा।

राज्यों को उन संवैधानिक प्रावधानों पर कानून पेश करने से पहले केंद्र से परामर्श करना चाहिए, जहां राष्ट्रपति की सहमति की जरूरत हो सकती है। केंद्र को राज्य सरकारों द्वारा भेजे गए विधायी प्रस्तावों पर उचित सम्मान और तत्परता से विचार करना चाहिए।

राज्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे सहयोगात्मक बनें और केंद्र द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करें।

कोर्ट ने सरकरिया आयोग का भी जिक्र किया, जिसने समयसीमा निर्धारित करने का सुझाव दिया था।

## दिल्ली में 6 लेन फ्लाईओवर के निर्माण को मंजूरी, लोगों को जाम से मिलेगी मुक्ति

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सिविल लाइंस ट्रॉमा सेंटर और डीआरडीओ के पास, मेटकॉफ हाउस टी-जंक्शन पर 183 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन फ्लाईओवर के निर्माण की परियोजना को मंजूरी दी है. यह परियोजना लंबे समय से जारी ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने और आउटर रिंग रोड कॉरिडोर पर यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

यह फ्लाईओवर सिविल लाइंस और आसपास के इलाकों के निवासियों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा, साथ ही हिमाचल प्रदेश, पंजाब जैसे उत्तरी राज्यों की ओर जाने वाले इंटर-स्टेट ट्रैफिक को भी सुचारु बनाएगा. परियोजना के पूर्ण होने पर यह हजारों दैनिक यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी और सड़क सुरक्षा तथा स्मूथ ट्रैफिक में सुधार करेगी. दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने इस परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, यह फ्लाईओवर दिल्ली में एक आधुनिक, कुशल और यात्री-अनुकूल सड़क नेटवर्क के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## वक्फ बिल पर संसद में नेता प्रतिपक्ष की चुप्पी से मुस्लिम समाज में आक्रोश : मायावती




लखनऊ, (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ कानून को लेकर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के दौरान वक्फ बिल पर जिस तरह चुप्पी नेता प्रतिपक्ष ने साध रखी थी, इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश है।

बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में हुई लंबी चर्चा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा कुछ नहीं बोलना, अर्थात सीएए की तरह संविधान उल्लंघन का मामला होने के विपक्ष के आरोप के बावजूद इनका चुप्पी साधे रहना क्या उचित है? इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश और इनके इंडी गठबंधन में भी बेचैनी स्वाभाविक है।

उन्होंने आगे कहा कि वैसे भी देश में बहुजनों के हित, कल्याण एवं सरकारी नौकरी व शिक्षा आदि में इन वर्गों के आरक्षण के अधिकार को निष्प्रभावी व निष्क्रिय बनाकर उन्हें वंचित बनाए रखने के मामले में कांग्रेस, भाजपा आदि ये पार्टियां बराबर की दोषी हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों को भी इनके छलावे से बचना जरूरी है।

मायावती ने कहा कि इनके ऐसे रवैयों के कारण उत्तर प्रदेश में भी बहुजनों की स्थिति हर मामले में काफी बदहाल व त्रस्त है जबकि भाजपाइयों को कानून हाथ में लेने की छूट है। साथ ही, बिजली व अन्य सरकारी विभागों में बढ़ते हुए निजीकरण से हालात चिंतनीय हैं। सरकार जनकल्याण का संवैधानिक दायित्व सही से निभाए।

ज्ञात हो कि वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 कानून बन गया है। संसद के दोनों सदनों से पारित विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। वहीं, नए कानून को कांग्रेस, एआईएमआईएम और आम आदमी पार्टी (आप) ने अलग-अलग याचिकाओं के साथ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। यूपी में प्रदर्शन को लेकर पुलिस काफी अलर्ट है। धर्मगुरु भी अपील कर रहे हैं कि उग्र प्रदर्शन न करें। कुछ विपक्षी दल भी प्रदर्शन में सहयोग की बात कर रहे हैं।

# पति ने लाठी से पीट-पीटकर पत्नी को मार डाला, मां को बचाने के लिए बच्चे चिल्लाते रहे..तमाशबीन बनाते रहे वीडियो

मुजफ्फरपुर , (आरएनएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी पति ने अपने बच्चों के सामने ही लाठी से पीट-पीटकर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। यह खौफनाक मंजर तब हुआ जब बच्चे अपनी मां को बचाने के लिए चीख-पुकार कर रहे थे, लेकिन आरोपी पति ने उनकी एक न सुनी और मौत होने तक अपनी पत्नी पर लाठियां बरसाता रहा। इस दौरान, कुछ लोगों ने इस पूरी घटना को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, लेकिन किसी ने भी आरोपी को रोकने का साहस नहीं दिखाया।

मृतक महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसका पति, हत्या को अंजाम देने के बाद से फरार है। आरोपी की सास ने पुलिस को जानकारी दी है कि वह पहले भी अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था, जिससे परेशान होकर महिला कई बार अपने मायके चली गई थी।

घटना के समय, मृतक महिला के साथ उसके दो बेटे और एक बेटी घर में मौजूद थे। सास ने अपनी बहू को बचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी कलीमुल्लाह ने अपनी मां की भी नहीं सुनी। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद नसीम का दूसरा बेटा कलीमुल्लाह अपने परिवार के साथ अलग रहता था। उसने अपने बड़े भाई की मौत के बाद अपनी भाभी मेहरुन्निशा से शादी की थी। कलीमुल्लाह के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो लड़कियां और एक लड़का शामिल है। मेहरुन्निशा के पहले पति (कलीमुल्लाह के बड़े भाई) से दो बेटे, समीर और सलमान, हैं जो अपने दादा-दादी के साथ रहते हैं। इस




हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही कलीमुल्लाह अपनी पत्नी मेहरुन्निशा के साथ मारपीट करता था। इस मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर कई बार समझौते कराने का प्रयास भी किया गया था। इस दौरान मेहरुन्निशा ने कलीमुल्लाह से तीन बच्चों को जन्म दिया। लगातार प्रताड़ना से तंग आकर महिला अक्सर अपने मायके जुझारपुर स्थित अपने पिता मोहम्मद नसीम के घर चली जाती थी। आरोपी पति को नशे की भी लत बताई जा रही है। वह दो दिन पहले अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने की बात कहकर अपनी पत्नी को मायके से बुलाकर लाया था।

वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिख रहा है कि पति अपनी पत्नी पर लगातार लाठियां बरसा रहा है और तब तक पीटता रहता है जब तक उसकी मौत नहीं हो जाती। बच्चे बुरी तरह से डरे हुए चिल्लाते और रोते बिलखते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि शनिवार को कलीमुल्लाह के चाचा समीम मियां की बेटी की शादी का मिलाद और रविवार को शादी होनी है। मेहरुन्निशा अपनी ससुराल नहीं जाना चाहती थी, लेकिन अपने चचेरे ससुर सहिम मियां के दबाव के कारण वह ससुराल गई थी। शुक्रवार शाम को उसके पति ने अपने बच्चों के सामने उसे पीट-पीटकर मार डाला। मृतका की मां ने पुलिस को बताया कि उनका दामाद हमेशा उनकी बेटी को प्रताड़ित करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# करीना ने बताया हमले के दिन सैफ के साथ क्या हुआ, चार्जशीट से हुआ यह बड़ा खुलासा



अभिनेता सैफ अली खान पर इसी साल 16 जनवरी को उनके घर पर हमला हुआ था। कई महीनों के बाद सैफ की पत्नी करीना कपूर ने पुलिस को अपने बयान दिए हैं। ये बयान पुलिस ने अपनी चार्जशीट में लिए हैं। बयान में करीना ने बताया है कि वह हमला कितना भयानक था। पुलिस ने इस मामले में 1600 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। इसमें आरोपी शरीफुल इस्लाम की हरकतों का भी जिक्र है।

**घर में घुस कर आरोपी ने मांगे पैसे**

करीना कपूर ने पुलिस को जनवरी में हुए हमले के बारे में बताया। करीना कपूर मुंबई के बांद्रा में मौजूद घर में सैफ अली खान, अपने दो बेटे तैमूर अली खान-जहांगीर और घर के कर्मचारियों के साथ रह रही थीं। करीना ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि 'शाम तकरीबन 7:30 बजे मैं अपनी दोस्त रिया कपूर के घर उससे मिलने गई और रात 1:20 बजे मैं वापस आई। मैंने अपने बच्चों को देखा और पाया कि वह सो रहे हैं। रात करीब दो बजे मेरी केयरटेकर मेरे रूम में आई और बोली कि कोई चाकू के साथ जेह के रूम में है और पैसे मांग रहा है।

**जारी हुआ श्रेया घोषाल का नया भक्ति गीत, अभिनय करती नजर आईं गायिका**

**करीना ने बताई दिल दहला देने वाली कहानी**

करीना ने बताया कि जैसे ही 'मैं कमरे में गईं तो उसकी सैफ अली खान से लड़ाई हो गई। उस व्यक्ति ने काले कपड़े पहने थे। मैंने देखा कि नर्स इलियम्मा फिलिप जख्मी हैं और खून बह रहा है। सैफ ने उस वक्ति को रोकने की कोशिश की तो उसने सैफ के गले और हाथ पर हमला कर दिया। गीता ने मदद करने की कोशिश की तो वह भी जख्मी हो गई। मैंने इलियम्मा को बोला कि वह जेह को बाहर ले कर जाए। इसके बाद हम 12वें फ्लोर पर चले गए। सैफ को खून बह रहा था।

'बालिका वधू' और 'अस्तित्व' फेम गजरा कोट्टारी इस शो से कर रहीं टीवी पर वापसी, मजेदार है कहानी

**सैफ को अस्पताल लेकर गए**

करीना कपूर ने घर के नौकरों हरी, रामू, रमेश और पासवान को बुलाया ताकि वह लोग हमलावर को ढूंढ सकें। लेकिन वह गायब हो गया। करीना ने सबसे घर खाली करने को कहा और सैफ को अस्पताल लेकर जाने को कहा।

करीना ने बताया 'मैंने कहा सब कुछ छोड़कर नीचे चलो। सैफ को जल्दी इलाज की जरूरत है।' इसके बाद करीना कपूर ने तैमूर के साथ सैफ अली खान को अस्पताल भेजा। बाद में करीना ने अपनी बहन करिश्मा को बुलाया। कुछ देर के बाद पुलिस आई लेकिन वह मुल्जिम को नहीं पकड़ सकी। करीना की मैनेजर पूनम दामिया के पति तेजस दामिया ने पुलिस को इस बारे में बताया। कुछ देर बाद करीना अस्पताल पहुंचीं और उन्होंने ये सुनिश्चित किया कि इलियम्मा फिलिप का इलाज हो रहा है।

## रणदीप हुड्डा जल्द ही जाट में अहम किरदार निभाते नजर आएंगे

मुंबई (ए.)। क्रिस हेम्सवर्थ अभिनीत फिल्म "एक्सट्रैक्शन" की रिलीज के पांच साल बाद अभिनेता रणदीप हुड्डा एक्शन जोन में वापस कदम रखने को लेकर उत्साहित हैं। एक्सट्रैक्शन सैम हार्ग्रेव द्वारा निर्देशित और रुसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित है, जो 2020 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।

उन्होंने माना कि उन्हें हमेशा "एक्शन " जॉनर पसंद रहा है क्योंकि इसमें कुछ नया और रोमांच होता है। जल्द ही वो जाट में अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। अब जाट के साथ, वह एक एक्शन स्टार की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इसमें उन्होंने रणतुंगा की भूमिका निभाई है। एक्शन में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, रणदीप हुड्डा ने कहा, मुझे हमेशा से एक्शन शैली पसंद रही है। इसमें कुछ नयापन, भावनाओं को झकझोरने का माद्दा और रोमांच होता है। बायोपिक्स में गंभीर किरदार निभाने के बाद जाट में खतरनाक रणतुंगा का रोल मेरे अलग ही किरदार को प्रदर्शित करता है। अभिनेता ने कहा कि वह एक्शन को मिस कर रहे थे और 'जाट' उन्हें उस स्थान पर वापस ले आया। रणदीप ने कहा कोरियोग्राफी से लेकर एक्शन तक काफी डिमांडिग था लेकिन यह एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संतोषजनक अनुभव रहा है।

## मौनी का किरदार 'मोहब्बत' दर्शकों के लिए नया अनुभव



बालीवुड फिल्म 'द भूतनी' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। अभिनेत्री मौनी रॉय की यह फिल्म हॉरर, एक्शन और कॉमेडी का अनोखा मिश्रण है, जिसमें मौनी का किरदार 'मोहब्बत' दर्शकों के लिए एक नया अनुभव लेकर आने वाला है।

मौनी रॉय का मानना है कि पिछले प्रोजेक्ट्स, खासकर टीवी शो 'नागिन' और फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में काम करने से उन्हें काफी मदद मिली। मौनी रॉय ने कहा कि वह खुद एक प्रशिक्षित डांसर हैं, जिससे उन्हें स्टंट करने में संतुलन बनाने और शरीर को नियंत्रित करने में आसानी हुई। उन्होंने फिल्म के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि इसकी टीम बेहद शानदार थी और उनके सह-कलाकारों का समर्थन उन्हें लगातार मिलता रहा। मौनी का मानना है कि फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें हर दिन कुछ नया सीखने को मिला। इस फिल्म में संजय दत्त एक भूत भगाने वाले बाबा के किरदार में नजर आएंगे, जो दर्शकों के लिए एक अलग और दिलचस्प अनुभव होगा।

संजय दत्त ने इस रोल को लेकर कहा कि उन्हें कॉमेडी करना बहुत पसंद है और 'द भूतनी' की स्क्रिप्ट ने उन्हें खासा आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि हॉरर-कॉमेडी एक कठिन लेकिन मनोरंजक शैली है और इस फिल्म की कहानी में दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिलेगा। संजय दत्त ने यह भी कहा कि वह पहली बार किसी फिल्म में ऐसा किरदार निभा रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि दर्शक उनकी इस नई छवि को पसंद करेंगे।

फिल्म में सनी सिंह और पलक तिवारी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे, जो फिल्म को और अधिक दिलचस्प बनाएंगे। 'द भूतनी' के ट्रेलर और पोस्टर्स को पहले ही सोशल मीडिया पर अच्छी प्रतिक्रिया मिल चुकी है। ऐसे में अब देखना दिलचस्प होगा कि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर कितनी खरी उतरती है। बता दें कि इस फिल्म में खास बात यह है कि मौनी रॉय ने अपने सभी स्टंट खुद किए हैं और इसके लिए उन्होंने विशेष प्रशिक्षण भी लिया है।

# बॉलीवुड में डेब्यू नहीं करेगी नीसा देवगन

मुंबई (ए.)। बालीवुड अभिनेता अजय देवगन की बेटी 21 साल की नीसा की गिनती बी-टाउन की चर्चित स्टारकिड्स में होती है और सोशल मीडिया पर उनके स्टाइल और ग्लैमर की काफी चर्चा रहती है। सुहाना खान और खुशी कपूर जैसी स्टार किड्स के डेब्यू के बाद फैंस लगातार यह सवाल कर रहे हैं कि नीसा कब फिल्मी दुनिया में कदम रखेंगी। इन तमाम अटकलों के बीच अब काजोल ने इस पर खुलकर बात की है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान काजोल से जब नीसा के करियर को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नीसा बॉलीवुड में डेब्यू नहीं करने वाली हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, बिलकुल नहीं। मुझे नहीं लगता कि वो बॉलीवुड डेब्यू करेगी। वह 22 साल की होने वाली है और उसने मन बना लिया है कि वह अभी एक्टिंग की दुनिया में कदम नहीं रखेगी। काजोल के इस बयान ने उन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है, जिनमें नीसा के एक्टिंग डेब्यू की बात कही जा रही थी। नई पीढ़ी और युवा टैलेंट को सलाह देते हुए काजोल ने यह भी कहा कि हर किसी से करियर की सलाह लेना जरूरी नहीं होता। उन्होंने कहा, जब आप लोगों से पूछेंगे कि क्या करना चाहिए, तो सौ लोग तैयार हो जाएंगे आपको बताने के लिए।



कोई कहेगा नाक बदल लो, कोई कहेगा बालों का रंग बदलो, लेकिन किसी की भी सफलता का असली राज है खुद के लिए एक अलग जगह बनाने की काबिलियत। चाहे आप अभिनय में हों या सोशल मीडिया पर, आपको खुद की पहचान बनानी होती है। काजोल के इस बयान से साफ है कि वे नीसा को अपने फैसलों के लिए पूरी आज़ादी देती हैं और फिलहाल नीसा का झुकाव फिल्मों की ओर नहीं है। बता दें कि नीसा देवगन अक्सर बॉलीवुड के स्टार किड्स के साथ स्पॉट की जाती हैं, जिससे यह चर्चा तेज हो जाती है कि आखिर वह फिल्मों में कब नजर आएंगी।

## 'सेट पर वो सब सुनती थी जो बच्चों के लिए सही नहीं था', बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट ऐसे दौर से गुजरी यह एक्ट्रेस



बॉलीवुड की अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने हाल ही में अपने बचपन के दिनों को याद किया, जब वह बतौर बाल कलाकार काम करती थीं। इस दौरान उन्होंने कई बातों का खुलासा किया। अभिनेत्री का एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम करने का अनुभव कुछ खास अच्छा नहीं रहा। उन्होंने बताया कि उन समय उन्हें कई परेशानियों से गुजरना पड़ा था।

**बाल कलाकार के रूप में कैसा रहा फातिमा का अनुभव**

फातिमा सना शेख ने फिल्मफेयर की खास इंटरव्यू सीरीज 'इन द रिंग विद फिल्मफेयर' में अपने दिल की बातें साझा कीं। इस दौरान फातिमा ने अपने बचपन और एक बाल कलाकार के तौर पर अपने अनुभवों को याद किया। उन्होंने बताया कि उस समय उन्हें कई ऐसी परिस्थितियों से गुजरना पड़ा, जो किसी बच्चे के लिए सही नहीं थीं। अभिनेत्री ने आज के समय की तुलना पहले की स्थिति से भी की। फातिमा 'इश्क', 'चाची 420', 'बड़े दिलवाला', 'खूबसूरत' जैसी फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम कर चुकी हैं।

## जारी हुआ श्रेया घोषाल का नया भक्ति गीत, अभिनय करती नजर आईं गायिका



बॉलीवुड की बेहतरीन गायिका श्रेया घोषाल अपनी गायकी का लोहा मनवा रही हैं। वह न सिर्फ हिंदी में बल्कि दूसरी भाषाओं में भी गाती हैं। अब श्रेया एक भक्ति गीत लेकर आई हैं। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर, मशहूर गायिका घोषाल हनुमान जी पर एक जबरदस्त भक्ति गीत लेकर आई हैं। इस भक्ति गीत का नाम 'जय हनुमान' है। इसे 'श्रेया घोषाल ऑफिशियल' नाम के यूट्यूब चैनल पर आज ही जारी किया गया है।

**श्रेया के नए गाने में क्या है?**

श्रेया घोषाल ने अपने नए गीत में खुद भी अभिनय किया है। गीत एक बच्चे को दिखाने से शुरू होता है। इसके बाद श्रेया घोषाल नजर आती हैं। गीत में पहलवानों को दंगल करते हुए दिखाया गया है।

## रील नेम को पहचान बनाने के बाद बदली इन सितारों की किस्मत



मुंबई (ए.)। रियल नेम बदलकर रील नेम को पहचान बनाने के बाद बालीवुड के कई सितारों की किस्मत के सितारे चमके हैं। कई सुपरस्टार्स ने अपने असली नाम को पीछे छोड़कर ऐसा रील नेम अपनाया कि वही उनकी पहचान बन गया।

60 और 70 के दशक के वो सितारे, जिनकी चमक आज भी बरकरार है, असल में अलग नाम से जन्मे थे, लेकिन फिल्मी दुनिया में उन्होंने नया नाम लेकर कामयाबी की ऊंचाइयों को छू लिया। दिलीप कुमार को ही लें, जिनका असली नाम मुहम्मद यूसुफ खान था। देविका रानी ने उन्हें अभिनय का मौका देते हुए उनका नाम बदलकर दिलीप कुमार रखा और यही नाम उन्हें शोहरत की बुलंदियों तक ले गया। उनके ही फैन मनोज कुमार ने भी दिलीप साहब की फिल्म शबनम से प्रेरणा लेकर अपना नाम हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी से बदलकर मनोज कुमार कर लिया। इस नाम के साथ उन्होंने देशभक्ति फिल्मों का एक नया दौर शुरू किया और भारत कुमार कहलाए।

# त्वचा की देखभाल के लिए इस्तेमाल करें आर्गन ऑयल, मिलेगा भरपूर फायदा



आर्गन ऑयल एक ऐसा प्राकृतिक तेल है, जो त्वचा की देखभाल के लिए बहुत फायदेमंद है। यह तेल मोरक्को के आर्गन पेड़ के बीजों से निकाला जाता है और इसमें विटामिन-श्व, फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इन गुणों के कारण यह तेल त्वचा को नमी देता है, झुर्रियों को कम करता है और त्वचा को स्वस्थ बनाए रखता है।

आइए जानते हैं कि आर्गन ऑयल का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है।

त्वचा को नमी देने के लिए इस्तेमाल करें

आर्गन ऑयल एक बेहतरीन तरीका है, जो आपकी त्वचा को गहराई से नमी देता है। इसे रोजाना नहाने के बाद या जब आपकी त्वचा सूखी लगे, तब लगाएं।

इसके लिए बस कुछ बूंदें अपने हाथों पर लेकर हल्के हाथों से चेहरे और हाथों पर मालिश करें। यह तेल त्वचा में तेजी से समा जाता है और इसे मुलायम और चमकदार बनाता है।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की नमी बनी रहती है।

मेकअप हटाने के लिए करें इस्तेमाल

मेकअप हटाना कभी-कभी त्वचा के लिए कठोर हो सकता है, लेकिन आर्गन ऑयल इसका एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

इसके लिए थोड़ा सा आर्गन ऑयल रूई पर लेकर अपने चेहरे पर हल्के हाथों से मालिश करें। इससे आपका सारा मेकअप आसानी से हट जाएगा और आपकी त्वचा कोमल और साफ महसूस होगी।

यह तरीका न केवल असरदार है, बल्कि आपकी त्वचा को पोषण भी देता है और उसे नमी भी प्रदान करता है।

सनबर्न से मिल सकता है छुटकारा

अगर आपको सनबर्न का डर है तो आर्गन ऑयल आपकी मदद कर सकता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-ई त्वचा को ठंडक पहुंचाते हैं और जलन कम करते हैं।

इसके लिए थोड़ी मात्रा में आर्गन ऑयल प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें।

यह तरीका न केवल आपकी त्वचा को आराम देता है, बल्कि उसे पोषण भी प्रदान करता है और उसे नमी भी प्रदान करता है।

स्ट्रेच मार्क्स के निशान को कम करने में है कारगर

स्ट्रेच मार्क्स अक्सर गर्भावस्था या वजन बढ़ने-घटने के कारण होते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए आर्गन ऑयल का नियमित उपयोग फायदेमंद हो सकता है।

इसके लिए प्रभावित क्षेत्र पर रोजाना कुछ बूंदें लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। इससे स्ट्रेच मार्क्स धीरे-धीरे कम होते जाएंगे और आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार बनी रहेगी।

आर्गन ऑयल में मौजूद विटामिन-ई और फैटी एसिड त्वचा को पोषण देते हैं और उसे नमी भी प्रदान करते हैं।

## पैरों को मजबूती दे सकती है सूमो स्क्वाट एक्सरसाइज, जानिए इसे करने का तरीका



सूमो स्क्वाट एक असरदार एक्सरसाइज है, जो न केवल आपके पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है, बल्कि शरीर के संतुलन और स्थिरता को भी सुधारता है।

यह एक्सरसाइज पारंपरिक स्क्वाट से थोड़ी अलग होता है और इसे सही तरीके से करने पर कई फायदे मिल सकते हैं।

इस लेख में हम आपको सूमो स्क्वाट करने का सही तरीका और इससे जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताएंगे, ताकि आप इसका पूरा फायदा उठा सकें।

सूमो स्क्वाट क्या है?

सूमो स्क्वाट एक प्रकार की स्क्वाट एक्सरसाइज है, जिसमें पैरों को थोड़ा फैला कर और पंजों को बाहर की ओर घुमा कर की जाती है।

इस एक्सरसाइज में कूल्हे और जांघों पर ज्यादा दबाव पड़ता है, जिससे ये मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसे करने से शरीर का संतुलन भी बेहतर होता है और रीढ़ की हड्डी पर अच्छा असर पड़ता है।

यह पूरे शरीर के लिए फायदेमंद है और इसे फिटनेस दिनचर्या में शामिल किया जा सकती है।

सूमो स्क्वाट करने का तरीका

सूमो स्क्वाट करने के लिए सबसे पहले अपने पैरों को कंधों की चौड़ाई से थोड़ा ज्यादा खोलें और पंजों को बाहर की ओर घुमाएं।

अब धीरे-धीरे नीचे की ओर बैठें जैसे कि आप कुर्सी पर बैठ रहे हों, फिर वापस ऊपर उठें। इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराएं। ध्यान रखें कि आपके घुटने आपके पंजों की सीध में होने चाहिए और पीठ सीधी रहनी चाहिए ताकि कोई चोट न लगे।

शुरूआत में 10-12 बार से शुरू करें और धीरे-धीरे बढ़ाएं।

एक्सरसाइज के दौरान बरतें ये सावधानियां

सूमो स्क्वाट करते समय कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है ताकि आपको चोट न लगे।

अगर आपके घुटनों या पीठ में पहले से दर्द हो रहा हो तो इस एक्सरसाइज को करने से बचें या डॉक्टर की सलाह लें।

इसके अलावा शुरूआत में हल्का वजन उठाएं और धीरे-धीरे वजन बढ़ाएं ताकि मांसपेशियां इसके आदी हो सकें।

एक्सरसाइज करते समय शरीर का संतुलन बनाए रखें और किसी भी प्रकार की जल्दीबाजी न करें।

नियमित अभ्यास का महत्व

किसी भी एक्सरसाइज का पूरा लाभ उठाने के लिए उसका नियमित अभ्यास करना जरूरी होता है।

सूमो स्क्वाट को सप्ताह में कम से कम 2-3 बार जरूर करें ताकि इसके फायदे मिल सकें।

नियमित अभ्यास से न केवल आपके पैर मजबूत होंगे बल्कि पूरे शरीर की फिटनेस भी सुधरेगी।

इसके साथ ही इससे आपके शरीर का संतुलन और स्थिरता भी बेहतर होगा, जिससे आप अन्य एक्सरसाइज आसानी से कर सकेंगे।

# हनुमानजी के प्रकटोत्सव पर दिनभर जारी रहा धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला

## जय बजरंगबली के होते रहे जयकारे, अनेक स्थानों पर हुए भंडारे



नर्मदापुरम (निप्र)। श्रीराम भक्त पवनसुत महाबली हनुमानजी के प्रकटोत्सव के अवसर पर शहर के शताधिक हनुमान मंदिरों में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला सुबह से लेकर देर रात तक जारी रहा। शनिवार होने से भक्तों में विशेष उत्साह रहा। शहर के सभी बजरंग मंदिर में जन्मोत्सव भक्तिभाव व धूमधाम के साथ मनाया गया।

सभी मंदिरों में पूजन अर्चन, हवन, भजन, रामचरित मानस के अखंड पाठ, सुंदर कांड व हनुमान चालीसा के पाठ से लेकर चोला चढ़ाने, शोभायात्रा निकालने के साथ ही गली-गली में जय बजरंग बली के जयकारे के साथ भंडारे के आयोजन होते रहे हैं। अनेक हनुमान मंदिरों में एक सप्ताह पूर्व से ही तैयारी चल रही थी। मंदिरों की पुताई के साथ विद्युत साज सज्जा और मंदिर परिसर को पीले रंग की झंडियों से सजाया गया। अनेक मंदिरों तथा रामजीबाबा समाधि स्थल से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### प्रकटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

हनुमान मंदिरों में रामभक्त हनुमान का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान अनेक स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान किए गए। शहर के हनुमान भक्तों ने शोभायात्रा निकाली गई।

श्रद्धालुओं ने जयबजरंगवली और श्रीराम के जयकारों के साथ राम जी के भजन के आयोजन किए। बालागंज के हनुमान चौक मंदिर से दोपहर के समय भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### पूजन अभिषेक के बाद हुआ भंडारा

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के हनुमान मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक पूजन का क्रम जारी रहा। यहां पर मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों के साथ ही अनेक शहर वासी भी शामिल हुए। यहां पर दिन भर भक्तों के द्वारा चोला चडाने का क्रम जारी रहा।

### लगाया विशेष लड्डू का भोग

शाहर के मुख्य प्रचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जी को बढ़े लड्डू का भोग लगाया गया। उसके बाद उसी लड्डू की प्रसादी वितरण की गई। मंदिर के पुजारी पप्पी महाराज ने बताया खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुबह 5 बजे से तांता लगा हुआ है। सुबह के समय हनुमान का पूजन अभिषेक चोला चढ़ाने के बाद हवन किया गया। उसके बाद दोपहर में मंदिर में भंडारे का आयोजन शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहा।

### वकीलों ने की पूजन अर्चन

कोर्ट वाले हनुमान जी के मंदिर में रामचरित मानस का पाठ करने के साथ ही शहर के अनेक वकीलों ने हनुमान जी को चोला चढाने के साथ ही नया निशान चढ़ाया। इसी के साथ यहां पर भी भंडारे का आयोजन किया गया। जो दिन भर जारी रहा। इसी प्रकार कृषि विभाग के पास वाले हनुमान मंदिर, कसेरा मोहल्ला मोरछली चौक पर भी भक्ति भाव के आयोजन हुए।

### सभी मंदरों में उमढ़ते रहे श्रद्धालु

शहर के सभी हनुमान मंदिर जिनमें पंचुमुखी हनुमान मंदिर, सेठानी घाट हनुमान मंदिर, संकटमोचन हनुमान मंदिर, कोर्ट वाले हनुमान जी, एसपीएम,आदमगढ़, मालाखेड़ी सहित ग्वालटोली के हनुमान मंदिरों में भी अनेक आयोजन होते रहे। राममंदिर के पास वाले हनुमान मंदिरों में भी भक्तिभाव के आयोजन जारी रहे।

# चैत्र माह की पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा में खूब लगी डुबकियां

**-विशेष स्नान पर्व का लाभ लेने के लिए घाटों पर दिन भर लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता**



नर्मदापुरम(ए.)। धार्मिक पर्व चैत्र माह की पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालु ने मां नर्मदा में स्नान कर पुण्य लाभ लिया। नर्मदा तट पर स्नानार्थियों का तांता लगने लगा था। दोपहर तक घाटों पर भीड़ रही। शहर के सभी एक दर्जन घाटों पर स्नानार्थी ब्रम्हमुहुर्त से ही स्नान पर्व का लाभ लेने के लिए पहुंचने लगे थे। मां नर्मदा की जलधारा में सुबह से लेकर दोपहर तक खूब डुबकियां लगी। इसी के साथ मंदिरों में पूजन अभिषेक के साथ ही धार्मिक कार्यक्रम जारी रहे। कई किसानों की नई फसल आने के कारण आसपास के कई गांवों के किसान अपने परिजन और पडोसियों के साथ ट्रैक्टर ट्रालियों से भंडारे के आयोजन करने के लिए आए हुए थे। नर्मदा तट के अनेक स्थानों पर दोपहर के समय भंडारे के आयोजन होते रहे। जिनमें सर्किट हाउस के पास वाले घाट पर तथा सेठानी घाट, मंगलवारा घाट, पर्यटन घाट और विवेकानंद घाट के इन स्थानों पर अब मेला जैसा माहौल बनने लगा है। क्योंकि यहां पर अब गर्मी के दौरान हर दिन भंडारे के आयोजन होना है। पूर्णिमा के अवसर पर तेज गर्मी के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पुण्य कमाने लिए नर्मदा तट के घाटों पर पहुंच कर स्नान दान कर रहे थे। वहीं इस मौके पर अनेक लोगों ने भगवान सत्यनारायण की कथा भी कराई।

**स्नान पर्व का लाभ नहीं छोड़ना चाहते श्रद्धालु**

पंडितों ने कहा कि पूर्णिमा और अमावस्या जैसे स्नान पर्व पर पवित्र नदियों में स्नान करने से विशेष पुण्य मिलता है। मां नर्मदा जैसी पवित्रतम नदी में स्नान का मौका नहीं छोड़ा जा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इन विशेष पर्व का लाभ उठाकर ऐसे अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा श्रद्धापूर्वक डुबकी लगाते हुए धर्म लाभ लिया गया। चैत्र माह से लेकर अब ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तक इन स्थानों पर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं के द्वारा भंडारे के आयोजन किए जाएंगे। यहां पर अनेक छायादार पेड़ होने तथा नर्मदा जी का सुहाने घाट और मंदिर सहित धर्मशालाएं होने से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र यह तटीय क्षेत्र रहेगा। पर्यटन के तहत भी लगातार लोगों के यहां आने से अनेक दुकानदारों के द्वारा यहां पर दुकान लगाई जाती हैं। घाटों पर मेला जैसा लग रहा है।

# 24 को प्रतिष्ठित कलाकार देंगे प्रस्तुति

नर्मदापुरम(ए.)। हिंदुस्तान आर्ट एंड म्यूजिक सोसायटी की भारत संस्कृति यात्रा के दौरान एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन 24 अप्रैल शाम साढ़े 6 बाजे से समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर मालाखेड़ी में होगा। उक्त जानकारी देते हुए हैम्स के चेयरमैन डॉ आशुतोष शर्मा और सचिव डॉ चंदन मंडल ने बताया कि इस यात्रा में देश के ख्यातिनाम कलाकार पं विकास बाबू शहनाई डा सुनीता टिकोरे गायन राजेंद्र सिंह सोलंकी तबला गुरु गजेन्द्र पांडा ओड़िशी लिली भट्टाचार्य कथक चंदन मंडल संतूर स्वामी पिल्लै घट्टम ओर ऋषभ सोनी तबला वादन की प्रस्तुति देंगे।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की पहल से सड़क निर्माण कार्य शुरू



नर्मदापुरम(निप्र.)। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला नर्मदापुरम की पहल से सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। संगठन के जिला महामंत्री अजय दुबे एवं ग्राम के सरपंच शशांक मिश्रा विक्रम खंडेलवाल बसंत दीक्षित गोविंद बाजपुरी अजय वर्मा उत्तम यादव दिनेश गौर के नेतृत्व में फोर लेन पर रायपुर से नर्मदापुरम की सड़क निर्माण का विगत दो वर्षों से कार्य रुका हुआ था । जिसकी मांग दुबे विगत दो वर्षों में प्रशासन की समक्ष अनेक बार रख चुके थे। लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे थे। सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा था। ग्राम इकाई रायपुर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले शनिवार को फोर लेन के पास धरना प्रारंभ करने गए रायपुर किसान मजदूर एवं राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारी गणों ने धरना प्रारंभ किया ही था जिसपर तत्काल तहसीलदार एवं पीडब्ल्यूडी अधिकारी धरना स्थल पहुंचे उन्होंने समझाईस दी और उक्त सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की इस पहल से उक्त कार्य प्रारंभ हुआ समस्त ग्राम वासियों ने भी सहयोग प्रदान किया कार्य प्रारंभ होने पर संघ के पदाधिकारियों ने तथा ग्रामवासियों ने राहत मेहसूस की इस मौके पर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा भी उपस्थित रहे ।

# भगवान श्री परशुरामजी प्रकटोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**>>> विप्र बंधुओं ने दिए अनेक आवश्यक सुझाव, अब हर तीन माह में होगी बैठक**



नर्मदापुरम(निप्र.)। भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव समिति व सर्व ब्राह्मण समाज नर्मदापुरम के द्वारा पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मनाए जाने के लिए समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शुक्रवार को सायं काल गीता मेरिज पैलेस आई टी आई रोड नर्मदापुरम में आयोजित की गई। जिसमें तय हुआ कि भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव दो दिवसीय रहेगा। 29 एवं 30 अप्रैल को प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। इस संबंध में एक बैठक 19 अप्रैल शनिवार को गीता मैरिज पैलेस में ही की जाना तय हुआ है। जिसमें आयोजन को लेकर समितियों के गठन पर विचार किया जाएगा। बैठक में अनेक विप्र बंधुओं ने अपने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिसमें भगवान परशुराम के मंदिर व चौराहे के नामकरण, समाज को संगठित करने पर जोर दिया गया। मुख्य रूप से यह बात भी सामने आई कि अब हर तीन माह में सर्व ब्राम्हण समाज की बैठक की जाना आवश्यक है। जिससे कि ब्राम्हण समाज के हित को लेकर सर्व ब्राम्हण समाज एकजुट हो सकें। बैठक में आचार्य पं अजय दुबे, अरूण दीक्षित, अशोक दिवोलिया, दिनेश तिवारी, विनोद रावत, मुकेश दुबे, युवराज तिवारी, धर्मेंद तिवारी, बलराम शर्मा, पंकज शुक्ला, उदित द्विवेदी,रामकुमार गुबरेले, राजकुमार दुबे, केके शर्मा अखिलेश मिश्रा रत्नेश दुबे, हेमन्त गोस्वामी, विनोद बुधौलिया योगेश शर्मा, यश दुबे,सुखदेव भार्गव शशिकांत दुबे, रामगोपाल भार्गव, राजेंद्र पाराशर, प्रकाश शर्मा, मनीष तिवारी, रिंकू शर्मा, मुन्ना उपाध्याय, जयशंकर तिवारी, गोविंद दुबे, नारी शक्तियों में वंदना शर्मा, आरती शर्मा, नेहा तिवारी सहित बडी संख्या में विप्र समुदाय के सदस्य शामिल रहे।

# तुअर पंजीयन कार्य हेतु तहसीलवार पंजीयन केन्द्र स्थापित

नर्मदापुरम(निप्र)। सचिव, म.प्र. शासन, किसान कलयाण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय मध्यप्रदेश भोपाल अनुसार खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) मे ई उपार्जन पोर्टल के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअरं के उपार्जन हेतु पंजीयन कार्य के लिये प्राप्त निर्देशानुसार ई उपार्जन पोर्टल पर कृषकों के पंजीयन हेतु जिले मे गेहूँ पंजीयन कार्य हेतु 132 पंजीयन केन्द्रों को ही तुअर पंजीयन कार्य हेतु निर्धारित किये गये हैं। तत्संबंध में अपर कलेक्टर डी. के. सिंह ने जिले मे तुअर का रकबा कम होने के फलस्वरूप तथा ई उपार्जन पोर्टल पर 132 तुअर पंजीयन केन्द स्थापित न होने के कारण तहसीलवार तुअर पंजीयन केन्द्रों की स्थापना की है। जिसमें तहसील नर्मदापुरम में वृ.से.स. समिति रायपुर 23260010 एवं नर्मदांचल बनाम एस.एस. इंस्टीट्यूट लिमिटेड नर्मदापुरम, तहसील डोलरिया में वी.आर.एस.एस. समिति नानपा एवं से.स. समिति सेमरी खुर्द, तहसील इटारसी में आ. जाति सेवा सहकारी समिति केसला 23260320 एवं आ. जाति सेवा सहकारी समिति कालाआखर 23260330, तहसील माखननगर में से. सह. समिति आँखमउ 23260436 एवं से. सह. समिति सांगाखेडा कलां 23260, तहसील सिवनी मालवा में सेवा सहकारी समिति दहेडी 23261030 एवं से.स. समिति शिवपुर 23261220, तहसील सोहागपुर में वी.आर.एस.एस. समिति शोभापुर एवं से.स. समिति ठिकरी 23260710, तहसील पिपरिया में कृ.से.स. समिति सांढिया 23260790 एवं के.आर.एस.एस. समिति खापरखेड़ा, तथा तहसील बनखेड़ी में से.स. समिति महुआखेडा 23260580 एवं से.स. समिति पुरैनाकला 23260910 संस्थाओं को तहसीलवार तुअर पंजीयन केन्द्रों की स्थापित किए गए है। तथा अपर कलेक्टर श्री सिंह ने सर्व संबंधितो को निर्देशित किया है कि पात्र कृषकों का तुअर पंजीयन 20 अप्रैल 2025 तक कराया जाना सुनिश्चित कराएं।

## गुजरात से आकर उत्कृष्ट फोटोग्राफर ने अपने मित्रों को नर्मदा रहस्य चित्रावली ग्रंथ भेंट किया



नर्मदापुरम (निप्र)। गुजरात निवासी देश के उत्कृष्ट फोटोग्राफर जोगेश ठाकर ने मां नर्मदा के उदगम लेकर समुद्र संगम तक की यात्रा अनेक बार करते हुए मां नर्मदा के घाटों तटों, तथा तट पर रहने वाले आदिवासियों वनवासियों, व परिक्रमा वासियों के साथ समय गुजार कर उनके अनुभव साजा करते हुए तथा उनके मां नर्मदा के प्रति असीम स्नेह को अपनी फोटो में समाहित किया है। इतना ही नहीं मां नर्मदा की जलधाराओं के अलग अलग समय के फोटो लेकर एक बहुत सुंदर चित्रावली तैयार की है। उन्होंने इस चित्रावली के ग्रंथ में सहयोगी रहे उनके परम मित्र वरिष्ठ समाजसेवी गोपीकांत घोष को तथा भोपाल निवासी मित्र सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी नरेंद्र द्विवेदी को भेंट करने के लिए गुजरात से नर्मदापुरम आए।

# हनुमान जी का चरित्र अद्भुत है : प्रमोद शर्मा



नर्मदापुरम (ए.) । रामभक्त हनुमान जी का चरित्र बहुत ही अद्भुत और अनुकरणीय है। वे एकमात्र ऐसे महान भक्त हैं जिन्होंने अपने चरित्र की विशिष्टता भक्ति, सेवा और निष्ठा से मनुष्त्व से देवत्व तक जाने की यात्रा सम्पूर्ण की। यह बात हनुमान प्राकट्योत्सव के अवसर पर प्रमोद शर्मा ने समेरिटंस स्कूल सांदीपनी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कही। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हनुमान जी का चरित्र की एक एक विशेषता अनुकरणीय है। बुद्धि, बल, गुणों के वे स्वामी हैं। अजर अमर हैं फिर भी अहंकार उन्हें छू भी नहीं सका। वे बहुत ही सहज और सरल देवता हैं।

जब हम संकट में आते हैं तो हम भगवान को स्मरण करते हैं और भगवान जब संकट में आते हैं तो वे हनुमान को स्मरण करते हैं। उनके गुणों का अनुसरण करके हम अपने जीवन को महान बना सकते हैं। इसके पूर्व डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत ने बजरंग बली का पूजन अर्चन किया। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ।

**सभी विद्यालयों में हुए आयोजन**

समेरिटंस विद्यालय की सभी शाखाओं में शनिवार को हनुमान जयंती के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। माता महाकाली परिसर में प्राचार्य श्रीमती निधि दुबे, माखन नगर में श्रीमती जागृति सिंह, सोहागपुर में श्रीमती पिंकी झा, पिपरिया आईसीएसई में श्रीमती कल्पना शर्मा, इटारसी में प्रशांत दीक्षित, सिवनी मालवा में योगेश रिछारिया, बायां में श्रीमती अपर्णा तिवारी ने हनुमान जी की पूजा अर्चना की। विद्यालयों में हनुमान जी के चरित्र पर व्याख्यान हुए।




# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था के द्वारा जल चौपाल कार्यक्रम किया गया आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम रामपुर में नवांकुर संस्था के द्वारा जल चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत रामपुर सरपंच श्रीमती रीना तिवारी, प्राचार्य श्रीमती पिंकी अरोरा, गणेश पटेल, संजय सराठे एवं अन्य ग्रामीण जन के ग्राम में श्रमदान के माध्यम से की जाने वाली जल संरक्षण एवं संवर्धन की योजना तैयार की उपस्थित सभी गणमान्य जनों के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। अंत में सभी के द्वारा जल संरक्षण हेतु शपथ ली गई।

# मां नर्मदा तट पर श्रमदान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम




नर्मदापुरम (निप्र)। गत दिवस 11 अप्रैल 2025 को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के द्वारा चयनित नवांकुर संस्था अभ्युदय लोक सेवा संस्थान सेक्टर क्रमांक 03, धरमकुंडी, सिवनी मालवा के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत मां नर्मदा तट बाबरी घाट पर श्रमदान के माध्यम से मां नर्मदा तट के किनारे फैले कचरे की सफाई की गई तथा जल संरक्षण को लेकर शपथ ग्रहण का कार्यक्रम सेक्टर प्रभारी राहुल बाथव, दीपक यादव तथा तट पर स्थित सम्माननीय नागरिकों ने इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना-दिनांक 10.04.2025**

ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता- I/ निर्माण/ पश्चिम मध्य रेल/ भोपाल, निम्नलिखित कार्यो के लिए आमंत्रित करता है (एकल लिफाफा पद्धति)। **निविदा संख्या**-DYCE-C-I-BPL-01-2025, **कार्य का नाम**-संतुलन कार्यो में बांध के संरक्षण कार्य,WBM सड़क, उपकरण कक्ष, सामग्री कक्ष, ड्रॉप/पर्दा दीवारें, एप्रन, टर्फिंग और पवारखेड़ा-जूझरपुर सिंगल लाइन फ्लाईओवर के उप दिशात्मक संबंध में अन्य विविध कार्य शामिल है। **निविदा का अनुमानित मूल्य रू.**-9918.24 लाख, **बयाना राशि रू.**-6,45,900.00/-, **ई-निविदा बंद होने की तिथि**-05.05.2025 को (15.00 बजे), **समापन अवधि**-09 (नौ) माह मानसून एवं फसल सहित। ई-निविदा संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "http://www.ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं उप मुख्य अभियंता-I/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/भोपाल के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है। ई-निविदा के अतिरिक्त अन्य कोई भी निविदा मान्य नही होगी। यदि निविदा सम्बन्धी कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो वह केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही उपलब्ध रहेगा।

**उप मुख्य अभियंता-I (निर्माण)**
**पश्चिम मध्य रेल, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World
राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड
Ministry of Cooperation Government of India | सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार



# सहकार से समृद्धि



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन

एवं

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड तथा मध्यप्रदेश सरकार के मध्य

## सहकार्यता अनुबंध निष्पादन कार्यक्रम

डेयरी किसानों से दूध की खरीदी सुनिश्चित कर उनकी आय में वृद्धि की अहम पहल

मुख्य अतिथि
**अमित शाह**
केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

13 अप्रैल, 2025 | दोपहर 1:00 बजे | रवीन्द्र भवन, भोपाल



### हर ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर होंगे स्थापित

- दुग्ध उत्पादकों को उनके **द्वार पर ही दूध विक्रय** की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी
- 6 हजार दुग्ध समितियों को बढ़ाकर 9 हजार एवं दुग्ध संकलन 10 लाख से 20 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य। **18 हजार गांव होंगे लाभान्वित**
- को-ऑपरेटिव-पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी समितियों को उपलब्ध कराये जायेंगे व्यवसाय के नए अवसर

साँची Sanchi

### प्रदेश के साँची ब्रांड की पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में कदम...

- ₹ 2500 करोड़ के निवेश लक्ष्य से प्रत्येक जिले में **साँची डेयरी** के साथ **मिल्क कूलर, मिनी डेयरी** एवं **चिलिंग सेंटर** खोले जायेंगे
- साँची डेयरी संयंत्रों की क्षमता में वृद्धि करते हुए 18 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 30 लाख लीटर किया जायेगा
- **आय में वृद्धि**, डेयरी किसानों की आय ₹ 1700 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 3500 करोड़ करने का लक्ष्य



### ₹ 787 करोड़ के निवेश से दुग्ध प्रसंस्करण के लिए विकसित होगी बुनियादी अवसंरचना

- दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु नवीन योजना **"डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना"** की स्वीकृति। योजना में 25 दुधारू पशुओं की ₹ 42 लाख तक लागत की डेयरी इकाई लगाने के लिए ऋण सहायता
- स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति - 2025 अंतर्गत प्रदेशभर में **पीपीपी मोड पर स्वावलंबी गौशाला** का निर्माण किया जाएगा
- गौशाला में प्रति गाय दी जाने वाली **₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹ 40** की गयी है

D-11007/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025